

पारा आपडेट
मैक्सिमम 24.00 | मिनीमम 16.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.01
सूर्योदय (कल) ▸ 06.13
बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 02 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 149 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें



### माणिक लाल हेंब्रम बने विधानसभा के नये सचिव

**रांची।** माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार माणिक लाल हेंब्रम 01 दिसंबर से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव के पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि माणिक लाल हेंब्रम झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव थे।

### मिट्टी के टीले में दबकर चार बच्चियों की मौत, एक घायल

**बक्सर।** बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह मिट्टी के टीले में दबकर दो सगी बहन समेत चार बच्चियों की मौत हो गयी तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गयीं। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सरेंजा गांव स्थित राजकीय बुनियादी स्कूल के समीप पांच बच्चियां मिट्टी के चूल्हे और घर की लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी खोदने गई थीं। इस दौरान मिट्टी का पुराना टीला अचानक भरभरा कर गिर गया और सभी बच्चियां उसके नीचे दब गयीं। आसपास मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर सभी बच्चियों को बाहर निकाला। घायल बच्चियों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने चार बच्चियों को मृत घोषित कर दिया।

### मध्य प्रदेश का माधव नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व घोषित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की तकनीकी समिति ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व होगा। यह जानकारी रविवार को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति ने दी। समिति ने राष्ट्रीय उद्यान में एक नर और एक मादा बाघ को छोड़ने की भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिये प्रस्ताव भेजा गया था।

### भाजपा ही करती है काटने और बांटने का काम : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दरगाह के नीचे शिवलिंग होने संबंधी विवाद पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया और कहा कि वह सबकी सुरक्षा की बात करती है लेकिन सच यह है कि भाजपा और उसकी विचारधारा काटने के साथ ही बांटने का भी काम करती है। श्री खरगे ने आज यहां रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरएसएस की नीति विवाद खड़े करना है। इसी नीति का परिणाम है कि आज सर्वेक्षण करवा कर विवाद खड़ा कर समाज को बांटने की राह पर चलते हुए समाज को बांटने का भी काम चल रहा है।

इंदौर : विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की शिरकत, बोले

# भारत अब लेने नहीं, बल्कि देने वाला देश है

एजेंसी

**इंदौर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब भारत में टिटनेस की दवा को 40 साल, टीबी की दवा को 30 साल, डिप्थीरिया की दवा को 30 साल, जापानी बुखार को ठीक करने वाली दवा आने में 100 साल लग गए, लेकिन कोरोना के दो टीके नौ माह में आ गए। जिन्होंने कई लोगों की जिंदगी बचाई। हमने चालीस देशों को मुफ्त कोरोना की दवा दी। यह बदलता भारत है। कोरोना मैनेजमेंट को उठाकर देखिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि अमेरिका में स्ट्राइक हुई, यूरोप में लोगों ने लॉकडाउन लगाने से रोका, कई देश लॉकडाउन लगाने के लिए तय नहीं कर पाए। वे असमंजस में थे। लेकिन भारत में पहले जनता कर्फ्यू, फिर लॉकडाउन लगाए। भारत ने पीपीई किट बनाए, आईसीयू में जगह तैयार की, सैनेटाइजर, मास्क बनाए। तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जान भी है और जहान भी। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज कोरोना वैक्सीन बनाने का अभियान भारत में चला। अब भारत लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला देश बन चुका है। कोरोना का मैनेजमेंट देश में प्रभावी रहा। वे रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर इंदौर के खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि एड्स को लेकर चर्चा करने में कई संकोच नहीं करना चाहिए। जब मैं इस पर बात कर सकता हूं तो आपको भी समाज में जाकर खुलकर चर्चा करना चाहिए। स्कूलों में कार्यक्रम होना चाहिए। 9वीं-10वीं के बच्चों को जागरूक करना चाहिए। कैंपेन चलाना चाहिए। हेल्दी बिहेवियर को प्रमोट करना चाहिए। वर्ल्ड एड्स डे एचआईवी और उसके खिलाफ चल रही जंग को डेडिकेट और रि-डेडिकेट करने का दिन है। यह दिन अपने आप को एचआईवी से प्रोटेक्ट करने का दिन है। अभी ऐसी कोई दवा नहीं आई है जो पूरी तरह एचआईवी को ठीक कर सके। दवाएं तो पूरे समय खाना पड़ेंगी, लेकिन दवाओं से व्यक्ति पूरे जीवन स्वस्थ रह सकता है। इसलिए ऐसे लोगों को समाज में जगह देना चाहिए।

### नई जनरेशन को एड्स के काले अध्याय की जानकारी नहीं, समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी

नड्डा ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों से बात करते हुए कहा कि हमारे समाज ने देश में एड्स की लंबी लड़ाई लड़ी है। लेकिन हमारे नौजवानों ने अंधकार का वो काला दौर नहीं देखा। इसलिए आपको मालूम नहीं है कि एड्स का मतलब क्या है। आप लोगों ने 80 का दशक नहीं देखा। आपको मालूम नहीं है कि एड्स मतलब क्या होता है। उस समय अगर कोई एड्स मरीज किसी को छू जाए तो लोग डर जाते थे। लोग ऐसे परिवारों से दूर रहते थे। हेयर कटिंग सैलून वाला बार-बार अपने उस्तरे को पोछता था तब डर लगता था। यह दौर शायद मुख्यमंत्री, सिलावट और राजेंद्र शुक्ला ने देखा है।

### 95 फीसदी एचआईवी मरीजों को समय पर इलाज

नड्डा ने कहा कि एक समय था जब दुनिया में एड्स की दवा नहीं थी और जब दवा आई तो इतनी महंगी थी कि गरीब आदमी उन दवाओं को ले नहीं सकता था। हमारे देश की कंपनियों ने दुनिया में एड्स की सबसे सस्ती और इफेक्टिव दवाएं बनाईं। इनके माध्यम से हम अफ्रीका, साउथ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका समेत कई देशों की मदद कर रहे हैं। हम देश के 95 फीसदी एचआईवी मरीजों तक समय पर दवा पहुंचा रहे हैं।

### देश का हेल्थ केयर सिस्टम मजबूत हुआ

उन्होंने कहा कि आज विज्ञान और खासकर हमारे भारत के लोग हेल्थ केयर सिस्टम को लेकर काफी सजग हो गए हैं। हमारा हेल्थ केयर सिस्टम काफी मजबूत है। वह एड्स पीड़ितों को लंबा जीवन दे सकते हैं। आप लोगों की भी जिम्मेदारी है कि पीड़ितों का ध्यान रखें। जो सर्विस प्रोवाइडर है वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं उनका मनोबल बढ़ाए। मैं इस बीमारी में लगे हेल्थ वर्कर और हेल्थ प्रोवाइडर को सलाम करता हूं। मुझे खुशी है कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री बना तो मुझे एचआईवी प्रोटेक्शन को लेकर एक्ट में सुधार करने का मौका मिला।

तेलंगाना में नक्सल पर बड़ी चोट : चलपाका वनक्षेत्र में हुई मुठभेड़

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर

एजेंसी

**वारंगल।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वनक्षेत्र में रविवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में संगठन का शीर्ष कमांडर भद्रू अलियास पपन्ना भी शामिल है लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक आज सुबह मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच घंटों



गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तेलंगाना ग्राउंड और माओवादी विरोधी दस्ते ने मिलकर यह ऑपरेशन चलाया है। मृतकों की पहचान कुरुसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पपन्ना (35), एगोलापु मल्लया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), मुसाकी जमुना (23), जयसिंह (25), किशोर (22) और कामेश (23) के रूप में हुई।

पुलिस मुठभेड़ में कितने नक्सली मारे गए इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार मरने वालों में शीर्ष नक्सली कमांडर भी शामिल है। कहा जाता है कि इलांडु नरसंपेट एरिया कमेटी सचिव भद्रू अलियास पपन्ना और उसके साथी मुठभेड़ में मारे गए हैं।

बंगाल बॉर्डर पर आलू रोकने का मामला

## मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव को दिए निर्देश

संवाददाता

**रांची।** बंगाल बॉर्डर पर 30 नवंबर को आलू के वाहन रोकने की खबरों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है। मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि



जल्द ही एक कमेटी बनाकर आलू के मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ के सरगुजा में कार-ट्रक में भीषण टक्कर, पांच की मौत

एजेंसी

**रायपुर/सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आज रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसा जिले उदयपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे130पर स्थित गुमगा के पास की है, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने स्कोडा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। चार युवकों ने मौके पर और एक युवक ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह जिले के नेशनल हाइवे 130 में गुमगा के पास स्कोडा कार और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौके



पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से की अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रक की टक्कर से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए गैस कटर मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। हादसे में जान गंवाने वालों में रायपुर निवासी दिनेश साहू, संजीव, और राहुल के नाम सामने आए हैं, जबकि दो अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिए भारत का ठोस कदम

## जम्मू में बीएसएफ की दो और बटालियन तैनात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान सीमा से घुसपैठ को बेहतर ढंग से रोकने और क्षेत्र में हाल में बढ़ी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जम्मू क्षेत्र में 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नयी बटालियन तैनात की हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि इन बटालियन के जवानों को पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की तैनाती वाले स्थान के ठीक पीछे 'रक्षा की दूसरी पंक्ति' के रूप में तैनात किया गया है।

बल की इन दो बटालियन को



हाल में ओडिशा के नक्सल-रोधी अभियान क्षेत्र से हटा लिया गया था और अब इन्हें पूरी तरह से जम्मू क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह कार्य सर्दियों के शुरू होने से पहले पूरा किया जाना था, जब पाकिस्तान से होने वाली घुसपैठ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

सूत्रों ने बताया कि नयी इकाइयों के कर्मियों को सांबा क्षेत्र, जम्मू क्षेत्र के कुछ अन्य संवेदनशील इलाकों और जम्मू से लगती पंजाब सीमा पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस अनेक तैनाती बिंदु बनाए गए हैं।

बीएसएफ भारत के पश्चिमी भाग में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरने वाली 2,289 किलोमीटर से अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है। जम्मू क्षेत्र में इस सीमा का 485 किलोमीटर हिस्सा है, जो घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन बीएसएफ बटालियन तैनात हैं।

# राज्य में कमजोर हो रहे भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन

### नक्सलियों के साथ इस लड़ाई में सुरक्षाबलों को भी नुकसान उठाना पड़ा है

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन दिन-प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

पिछले 59 महीने (चार साल 11 महीने) की बात करें तो राज्य के अलग-अलग जिलों में भाकपा माओवादी संगठन और छोटे-छोटे संगठन से जुड़े कुल 64 नक्सली मारे गये। इस दौरान 620 बड़े नक्सली गिरफ्तार भी हुए। नक्सलियों के साथ इस लड़ाई में सुरक्षाबलों को भी



नुकसान उठाना पड़ा है। इन चार साल 11 महीने में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 18 जवान भी शहीद हुए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा नक्सल प्रभावित जिले हैं। इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति नक्सल प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिला आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में हैं।

### राज्य में नक्सलियों के 11 दस्ते सक्रिय

चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं।

चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं।

बोकारो जिले में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल हैं।

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल हैं।

चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं।

पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में छह नक्सली कैडर शामिल हैं।

### टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई पुलिस के रडार पर

टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई झारखंड पुलिस के रडार पर हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को बताया कि झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। फिलहाल, हमारे लिए नक्सलियों के छोटे संगठन (स्प्लिंटर ग्रुप) का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान नक्सलियों के स्प्लिंटर ग्रुप के जरिये कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं।डीजीपी ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ-साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादियों के छोटे ग्रुप एक्टिव हैं। ऐसे नक्सलियों के जरिये कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल नक्सली छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे नक्सलियों की लिस्ट तैयार की गई है। साथ ही उनके समर्थकों को भी चिह्नित किया गया है, जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एक टीम बनाकर ऐसे स्प्लिंटर्स ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करें। खासकर पलामू आईजी को कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि न सिर्फ कार्रवाई करें, बल्कि फरार उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ जमकर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करें।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 02 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# रांची की जनता के हर सुख-दुख में मैं उनके साथ खड़ा हूं: सीपी सिंह



संवाददाता

**रांची।** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन झारखंड मोटर फाउंडेशन छात्रा युवा संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान रांची के विधायक सीपी सिंह का सम्मान समारोह का आयोजन रातु रोड लाह कोठी रोयल पैलेस में ललित नारायण ओझा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा रांची का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है रांची को विकसित राजधानी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी मूलभूत सुविधाएं कैसे रांची की जनता को मिले इसका प्रयास हम करेंगे। रांची से लगातार सातवीं बार विजय होने वाले विधायक सीपी सिंह ने कहा जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे सातवीं बार विधायक बनाया है मैं उसपर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा रांची की जनता के हर सुख दुख में मैं उनके साथ खड़ा हूं। मेरे दरवाजे रांची की जनता के लिए 24 घंटे खुले हैं। कभी किसी तरह की कोई परेशानी हो आप सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं मुझसे बात कर सकते हैं रांची की जनता मेरा परिवार है। मैं इस परिवार के साथ सदैव खड़ा रहूंगा। स्वागत करने वालो में झारखंड मोटर फाउंडेशन छात्रावास संघर्ष समिति टेंपो यूनियन सहित विभिन्न संस्था के लोगों ने उन्हें स्वागत किया। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल सुनील सिंह चौहान, प्रभाकर सिंह संजीव चौधरी, अशोक मिश्रा, बैजू सोनी,पूर्व पार्षद अशोक यादव, उदय चौधरी बली राय, महेंद्र राय सहित काफी संख्या में मातृ शक्ति मजदूर यूनियन के मजदूर साथी सहित विभिन्न संगठन के समाजसेवी उपस्थित रहे।

### व्यापारियों को मिले बेहतर व्यापार करने का माहौल: ललित

सीपी सिंह जनता के विधायक है। जो समाज के हर वर्ग के लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उक्त बाते ललीत नारायण ओझा ने सीपी सिंह के सम्मान समारोह के मौके पर कही। उन्होनें रांची शहर को एक मॉडल शहर बनाने की मांग सीपी सिंह करते हुए राज्य की सबसे बड़ी खद्यान्न मंडी पंडरा बाजार की व्यवस्था को बेहतर कर व्यापारियों को व्यापार करने का बेहतर माहौल दिलवाने की मांग की।

### राज्य में अगले दो माह में तीन आईपीएस होंगे सेवानिवृत

रांची। राज्य में अगले दो महीनों के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत होंगे। इनमें तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह एवं एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर होंगे। साथ ही नये साल के पहले दिन एक जनवरी, 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे।इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। दूसरी ओर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत हो गये।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद ने यादव भवन का किया उद्घाटन

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने सांसद मद से नव नीर्मित यादव भवन का उद्घाटन विधी-विधान पूर्वक किया। इस मौके पर श्री सेठ ने कहा कि किसी भी समाज का अपना भवन होना अनिवार्य है इस भवन के निर्माण से समाज के गरीब बच्चों की शादी एवं अन्य कार्यक्रम के लिए यह सदुपयोग में काम आएगा समाज को आगे बढ़कर इस तरह के कार्य करने चाहिए जिससे समाज के लोगों को फायदा हो मेरा प्रयास है जो भी समाज के लोग हैं उनके हर सुख दुख में मैं उनके कामो मों उनके साथ में हमेशा खड़ा रहूं । प्राथमिकता के आधार पर समाज के हर वर्ग का कार्य मेरी प्राथमिकता में है। इस मौके पर इंद्रजीत यादव निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह ,अरुण झा, राम आशीष यादव, बनारस यादव, रमेश यादव, सुमन सिंह ,रामचंद्र जायसवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### परिवर्तित मार्ग से गुजरेगी टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन छह दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया- कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 1 जनवरी से

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क में समिति के उपाध्यक्ष अमित मुंडा के अध्यक्षता में बैठक किया हुई। इसमे आगमी नववर्ष 2025 के जववरी माह में 31 जनवरी और 1 फरवरी को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन करनें का निर्णय लिया गया। जतरा महोत्सव में आदिवासी संस्कृति की झलक आकर्षण का केन्द्र रहेगा। बैठक में अर्जुन मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरज टोप्पो, सचिव डब्लू मुंडा, अमित मुंडा, नीलम बिरूली, विक्की करमाली,मोहन तिर्की,दिप्तराज बेदिया,मुकेश मुंडा,आशीश मुंडा,अमित तिर्की सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

### व्यापारी कल्याण आयोग का गठन हो: निराला

**रांची।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की एक बैठक दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्था की ओर से किये जा रहे कार्यो पर सदस्यों न अपने-अपने विचार रखे। तथा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। इसमें झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण आयोग का गठन न को लेकर सभी ने अपने विचार रख इसके गठन की मांग की। बैठक में उमाशंकर सिंह, रेणुका तिवारी, सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, विनोद जैन बेगवानी, शाहीद आलम, हरीश नागपाल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### चैम्बर के सदस्यों ने मंडी की व्यवस्था को देखा

**रांची।** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने परसुडीह बाजार समिति में जाकर मंडी की व्यवस्था को देखा। कृषि मंडी का मुआयना करते हुए स्थानीय व्यापारियों से भी व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी में स्थित दुकान, गोदाम जर्जर अवस्था में हैं, सड़कें टूटी फूटी हैं, मंडी में मुलभुत सुविधाओं का अभाव है।इस दौरान कृषि मंडी की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर भी असंतोष जताया गया। चैम्बर के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने कृषि मंडी के व्यापारियों को आश्वस्त किया कि नये कृषि मंत्री को बाजार समिति की इस अव्यवस्था से अवगत कराया जायेगा।इस दौरान चैम्बर के कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, व्यापार मंडल जमशेदपुर के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, उपाध्यक्ष पवन नरेडी, सचिव दिलीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

### सेपकटकरा झारखण्ड टीम का चयन ट्रायल सम्पन्न

**रांची ।** जयपाल सिंह स्टेडियम रांची में सब जूनियर बालक-बालिका सेपकटकरा सलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के तकरीबन 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ट्रायल के आधार चयनित खिलाडी आगामी 27वी नेशनल सब जूनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव श्री उदय साहू ने बताया की आज के इस चयन ट्रायल का आयोजन श्री अमरेंद्र दत्त द्विवेदी को देखरेख में आयोजित हुआ. इनके साथ साथ गोपाल मुंडा, राजकुमार महतो, रौनक कुमार का सहयोग रहा.इस अवसर पर सेपकटकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, रौनक कुमार, संतोष कुमार गुप्ता।

### झारखंड सरकार के बारे में हम छह माह बाद करेंगे बात : निशिकांत दूबे

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा है कि मैं झारखंड सरकार के बारे में अभी कोई कमेंट नहीं करना चाहता। अभी पूरी तरह से सरकार नहीं बनी है। मंत्रिमंडल का भी विस्तार नहीं हुआ है। सरकार के बारे में छह माह बाद बात करेंगे। फिलहाल, इस सरकार को मौका दिया जाना चाहिए। निशिकांत रविवार को देवघर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ की जांच होनी चाहिए। एनआरसी भी लागू होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री को पुस्तक देकर जीत की दी बधाई

**रांची।** झारखंड के 14 वें मुख्यमंत्री के तौर पर चौथी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने वाले और लगातार दूसरी बार झारखंड में प्रचंड जीत के साथ सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पुस्तक भेंट कर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाएं एवं चुनौतियॉ पुस्तक को देखा और पुस्तक भेंट करने वाले का आभार व्यक्त किया और कहा कि बहुत अच्छी पुस्तक है।

# ओरमांझी में अपराधियों ने खड़े टैंकर में लगायी आग, दहशत

### अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस ने लिया टेक्निकल सेल का सहारा

संवाददाता

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के ग्राम हुटुप में श्रीराम कंस्ट्रक्शन के प्लांट पर खड़े पानी के टैंकर को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। आग लगाने के बाद अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी कि जिससे प्लांट के मजूदरों में दहशत फैल गया। बाद में अपराधी वहां से जाने के दौरान टैंकर के ड्राईवर का फोन भी लूट कर ले गये।

जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने उक्त प्लांट के मालिक से लेवी की मांग की थी इसके लिए उन्हें चिट्ठी भी दी गयी थी, लेकिन जब कंपनी के संचालक द्वारा अपराधियों की डिमांड पर कंपनी ने कोई ध्यान नहीं दिया तब उसके बाद शनिवार की रात 11,30 बजे दो मोटरसाइकिल में सवार होकर चार अपराधी प्लांट पहुंचे और सड़क किनारे खड़े पानी ढोने वाले टैंकर के चालक को उठाया उसके बाद उसका मोबाइल छीन लिया फिर टैंकर में आग लगा दी और हवाई फायरिंग करते हुए आराम से निकल गये। गोली की आवाज सुनते ही प्लांट के मजदूर दहशत में आ गये कुछ ही देर में टैंकर को जलते हुए देखा उसके बाद दर्जनों कर्मी मौके पर पहुंच गये और मशक्कत से आग को बुझा कर आग पर काबू पा लिया।



### पुलिस कर रही अपराधियों की तलाश

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी अनुज उरांव और थाना प्रभारी अनिल कुमर तिवारी सदलबल मौके पर पहुंचे और प्लांट के मजदूरों से जायजा लिया। जिसमें के मुताबिक घटना को अंजाम देने वाले आसपास के लोकल बदमाश हो सकते हैं,जिनकी पहचान के लिए टेक्निकल सेल की मदद ली जा रही है। ओरमांझी थाना प्रभारी श्री तिवारी ने कहा कि घटना में शमिल अपराधियों की पहचान जल्द कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस अपने तरीके से काम कर रही है।

# प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय समीक्षा बैठक में हार के कई कारण उजागर

संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने दो दिनों तक विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की। रविवार को समीक्षा बैठक के दौरान जो बातें निकल कर सामने आई हैं अब उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इस बैठक में संगठन के आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि झारखंड भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष सहित कई जिलों के प्रभारियों को भी बदला जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस बार के चुनाव में भाजपा 21 सीट पर ही विजयी हुई। संताल में 18 सीटों में से 17 सीटें पर शिकस्त झेलनी पड़ी।

समीक्षा बैठक के दौरान कई नेताओं ने दो टूक कहा कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की गई। बाहरी नेताओं को टिकट देना भी हार का कारण बना। वहीं, प्रमंडलीय प्रभारियों ने भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया। टॉप लीडर तक स्थानीय समस्याओं को भी सही तरीके से नहीं पहुंचाया गया। बैठक में प्रमंडल स्तर के नेताओं की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए। वहीं, बूथ से जिला स्तर के संगठन, कई जिलाध्यक्षों और प्रभारियों पर भी सवाल खड़े किए गए।

कई नेताओं ने कहा कि प्रमंडल प्रभारियों की भी भूमिका संदिग्ध रही। नेताओं ने यह भी कहा कि जिन्हें टिकट नहीं मिला वे जुगाड़ से प्रभारी बन गए लेकिन किसी भी प्रमंडल में भाजपा उम्मीदवारों को आपेक्षित जीत नहीं मिली। भाजपा ने अपने संगठन के छह प्रमंडलों में कोल्हान के लिए आदित्य साहू, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए गणेश मिश्र, पलामू के लिए विकास प्रीतम, धनबाद के लिए प्रदीप वर्मा, हजारीबाग के लिए मनोज सिंह और संताल के लिए बालमुकुंद सहाय को प्रभारी बनाया गया था।

समीक्षा बैठक में शामिल नेताओं ने कहा कि अब कठोर कदम उठाने की जरूरत है। इस पर चिंतन और मंथन करने की जरूरत है।

प्रभारियों की ओर से चुनाव के दौरान सिर्फ खानापूर्ति की गई। वे एसी रूम तक ही सिमटे रहे। उन्होंने भ्रमण करने के अलावा कुछ भी नहीं किया।

# भाजपा कार्यालय के बाहर कुशवाहा समाज का प्रदर्शन



संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो दिवसीय समीक्षा बैठक चल रही है। इस दौरान रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कुशवाहा समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की है कि कुशवाहा समाज से जीतकर आने वाले विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। पार्टी कार्यालय के बाहर हाथों में बैनर-पोस्टर लिए कुशवाहा समुदाय के लोग नारेबाजी कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा उम्मीदवार कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पांकी सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह को 9796 के वोट मार्जिन से हराया था। उन्हें चुनाव में 75991 वोट मिले थे।

# दुर्लभ प्रजाति के सांप का किया गया रेस्क्यू

संवाददाता



**रांची।** नामकुम स्थित आरसीएच कार्यालय में दवा के कार्टून के अंदर से ओरनेट फ्लाईंग स्नेक(तक्षक नाग) को रेस्क्यू पिठोरिया निवासी स्नेक रेस्क्यूवर रमेश कुमार महतो ने किया है। सांप लगभग 3 फीट का था। रमेश ने बताया कि यह सांप दुर्लभ प्रजाति का है और झारखंड में पहली बार इसे रेस्क्यू किया गया है। यह सांप ज्यादातर पठारी क्षेत्र के झाड़ीनुमा जगहों पर पाया जाता है। यह सांप 100 फीट उपर से नीचे जंप कर सकता है। यह जमीन में बहुत कम आता है अधिकतर यह पेंड़ में ही रहता है। इसका भोजन मुख्य रूप से छिपकली एवं कीड़े-मकौड़े हैं। यह सांप विलुप्त के कगार पर है। यह भारत में रेयर कैटेगरी में आता है। इस सांप के जेनेटिक के बारे में रिसर्च होगा। इसलिए इसे बिरसा जैविक उद्यान को सुपुर्द किया जाएगा।

# रेलवे की जमीन खाली करने का ग्रामीणों को मिला नोटिस



### 50 साल से रेलवे की जमीन में बसे हैं तुपुदाना के लोग

संवाददाता

रांची। रेलवे प्रशासन ने तुपुदाना पिठिया टोली में बसे लोगों को नोटिस जारी कर रेलवे की जमीन को खाली करने का नोटिस जारी किया है। जिससे गांव के लोगों में हड़कंप मच गया है, लोगों की बेचैनी बढ़ गयी है। परेशान ग्रामीण हटिया विधायक नवीन जायसवाल के पास उन्हें उजड़ने से बचाने की गुहार लगायी है।

जानकारी के मुताबिक पिठिया टोली के लोग पचास साल से रेलवे की जमीन पर घर बना कर रह रहे हैं। रेलवे प्रशासन की तरफ से जारी नोटिस के बाद लोगों को बेघर होने की परेशानी सता रही है।

### विधायक ने डीआरएम से बात करने का दिया भरोसा

ग्रामीणों से हुई बातचित के बाद विधायक नवीन जायसवाल ने भरोसा दिया है कि ग्रामीणों को उजड़ने से रोकने और उन्हें बसे रहने देने के लिए डीआरएम से बात कर कोई रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे।

# विश्व हिंदू परिषद ने निकाला विरोध मार्च

### इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर की चिंता व्यक्त




वरीय संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत द्वारा रविवार को रांची रेलवे स्टेशन, बगलामुखी हनुमान मंदिर में विरोध प्रदर्शन किया गया। विहिप झारखंड प्रांत के मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे वहां के प्रशासन की कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना बताया है। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि बंगला देश तत्कालीन सरकार के इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन संस्थान तथा हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने बांगला देशी हिंदू उत्पीड़न के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की हैं, सभी लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्त्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है। हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है।

### हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए: चंद्रकांत

विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम प्रारंभ से ही मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, इस्लाामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी। वैसी रोक नहीं लगाई है। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व समुदाय से यह अपेक्षा करती है कि वहां पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गंभीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए। विहिप प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि भारत सरकार का प्रति-उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है।

### ये रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल

विरोध प्रदर्शन में झारखंड प्रांत रांची महानगर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में अन्य हिंदू संगठन एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



**रांची।** नेहरू युवा केंद्र, रांची, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रांची जिला में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ , कुलपति रांची विवि, अजीत कुमार, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

संजय सेठ ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान की शुरूआत इसी वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य, मां के नाम पर पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति, पर्यावरण की रक्षा करना और एक हरे और समृद्ध भविष्य का निर्माण करना है। श्री सेठ ने सभी रांची वासियों से भी इस अभियान ने भाग लेने एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल द्वारा नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद, सुमित,एस टी पी आई, आई टी मंत्रालय के सहायक निदेशक शुभ मिश्रा, पुरुषोत्तम, दीपक साहू, कृष्णा चौहान, ऐश्वर्य शहाय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के घर पहुंचे पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रतिनिधिमंडल

**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बोकारो का एक दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सिलफोर पंचायत स्थित फतेहपुर ग्राम से शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के घर पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल ने शहीद के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद के परिवार ने यह इच्छा जताई कि उनके सम्मान में तलगाडिया मोड़ पर एक स्मृति स्मारक बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने शहीद के गांव में आदम कद प्रतिमा स्थापित करने के लिए भी जगह चिन्हित की, जिसकी स्वीकृति परिवार से प्राप्त की गई। इस अवसर पर परिषद के सदस्य और एकल के मनोज जी एवं धीरेन्द्र जी भी उपस्थित थे।

## शहीद अर्जुन महतो के सम्मान में शहीद पथ की मांग

**बोकारो।** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के सिलफोर पंचायत के फतेहपुर गांव निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजनों से मिलकर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने अपनी संवेदना व्यक्त की और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के परिवार से मिलकर पिता लंकेश्वर महतो और बड़े भाई बलराम महतो को सांत्वना दी और विश्वास दिलाया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। देव शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तलगड़िया रोड का नाम बदलकर 'शहीद अर्जुन पथ' घोषित करने की अपील की, ताकि शहीद की वीरता को सदा याद किया जा सके। इस अवसर पर युवा लायंस फोर्स के दर्जनों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संविधान यात्रा सह सभा समारोह का आयोजन

**हंटरगंज/ बोकारो।** हंटरगंज में राष्ट्रीय महिला समिति द्वारा संविधान यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। यात्रा गोदोबार से शुरू होकर किसान भवन तक पहुँची, जहाँ एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने जमकर जय भीम के नारे लगाए और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभा में विधायक जनार्दन पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने संविधान की प्रस्तावना का पालन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, सुनील कुमार दास, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। हजारों महिलाएँ इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

## विधायक जनार्दन पासवान ने एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया

**हंटरगंज/ बोकारो।** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 हाई स्कूल खेल मैदान में रविवार को ल्ढछ क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। विधायक जनार्दन पासवान ने इस टूनामेंट का उद्घाटन फीता काटकर और बैटिंग करके किया। उद्घाटन मैच में बारहगावां और कोसमा (बिहार) की टीमें आमने-सामने आईं। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारहगावां टीम ने 111 रन बनाए, जिसके जवाब में कोसमा टीम ने 115 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुड्डन आलम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैच का मैन ऑफ द मैच' अवार्ड दिया गया, जिन्होंने 4 गेंदों पर 13 रन बनाए और 3 ओवर में 4 विकेट लिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, युगल किशोर सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित कई खेल प्रेमी और प्रखंडवासी उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा सात को

**बोकारो।** बोकारो की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की एक महत्वपूर्ण आमसभा आगामी सात दिसम्बर को परिषद की ओर से संचालित सेक्टर-4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में होगी। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की नई कार्यकारिणी समिति के गठन को लेकर विगत 13 अक्टूबर, 2024 को सम्पन्न हुई मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा के निर्णयानुसार परिषद की दूसरी आमसभा दिनांक 20 अक्टूबर, 2024 को आहूत की गई थी। परन्तु, विधानसभा चुनाव 2024 के आलोक में आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण अनुमंडल पदाधिकारी, चास के आदेशानुसार उक्त आमसभा की बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसी वजह से परिषद की आमसभा अब आगामी सात दिसम्बर को संध्या 6.00 बजे से आहूत की गई है। श्री चौधरी ने उक्त आमसभा में परिषद के सभी सदस्यों से शामिल होने का आग्रह किया है।

## स्व. समरेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा से पांच बार विधायक रहे वनांचल आंदोलन के प्रणेता स्व० समरेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि थीं। दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर चास स्थित रविंद्र भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में समरेश सिंह के दोनों पुत्र संग्राम सिंह और सिद्धार्थ सिंह माना सहित बोकारो चास धनबाद चंदनकियारी से आए उनके चाहने वालों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान दादा के द्वारा वनांचल आंदोलन और बोकारो के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। समरेश सिंह के दोनों पुत्रों ने कहा कि उनके बताए रास्तों पर चलकर हम उनके अधूरे सपने को पूरा करेंगे और सभी को एक साथ एक सूत्र में बांधकर हम चलने का काम करेंगे।

# तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत के कारण जलापूर्ति 5 दिन के लिए बंद

संवाददाता



**बोकारो।** तेनुघाट से बोकारो स्टील प्लांट तक जाने वाली तेनु-बोकारो नहर में रविवार शाम से जलापूर्ति को पांच दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह कदम नहर की मरम्मत के लिए उठाया गया है, जो 2 दिसंबर से 5 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस मरम्मत कार्य के लिए लगभग 4.70 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है, और इसे पूरा करने के लिए 105 प्वाइंट्स पर कार्य किया जाएगा।

नहर की मरम्मत के लिए तेनुघाट बांध प्रमंडल और बोकारो स्टील लिमिटेड के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया है। मरम्मत कार्य को 6 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।तेनुघाट बांध प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि यह मरम्मत कार्य बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि मरम्मत के बिना नहर के तटबंध के टूटने का खतरा उत्पन्न हो सकता था। यह नहर बोकारो स्टील प्लांट को प्रतिदिन 150 से 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति करती है, जो प्लांट की आवश्यकताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नहर की कुल लंबाई 34 किलोमीटर है, और इसके द्वारा जलापूर्ति बोकारो स्टील प्लांट और टाउनशिप के विभिन्न हिस्सों में की जाती है। नहर की जलापूर्ति बंद होने से बोकारो और चास क्षेत्रों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि बोकारो स्टील लिमिटेड ने अपने कूलिंग पौंड में पर्याप्त पानी का भंडारण किया है। बीएसएल के सूत्रों के मुताबिक, इन कूलिंग पौंड में 217.94 मीटर पानी जमा है, जो मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षित स्तर 217.06 मीटर तक गिर सकता है। इस अवधि में टाउनशिप और प्लांट की जलापूर्ति में कोई भी कमी नहीं आएगी। हालांकि नहर से सटे ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इन क्षेत्रों के लोग मुख्य रूप से नहर के पानी पर निर्भर रहते हैं, और कई जलापूर्ति योजनाएं भी इसी नहर से संचालित होती हैं।

इसलिए, इन ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी से कुछ योजनाओं पर असर पड़ सकता है।तेनुघाट-बोकारो नहर अब काफी पुरानी हो चुकी है, और इसके नियमित रखरखाव की जरूरत महसूस की जा रही है। हर साल या दो साल में इसके मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। यह नहर बोकारो टाउनशिप की लगभग 5 लाख की आबादी के लिए जीवन रेखा है और यह सुनिश्चित किया गया है कि मरम्मत कार्य के दौरान टाउनशिप में पानी की कोई कमी न हो। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि 2 दिसंबर से 5 दिसंबर तक नहर में जलापूर्ति बंद रहेगी। लेकिन टाउनशिप और प्लांट की सामान्य जलापूर्ति प्रभावित नहीं होगी। मरम्मत कार्य के बाद, 6 दिसंबर से जलापूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी।

## झारखंड श्रमिक संघ की बैठक बोकारो थर्मल में आयोजित, 19 पंचायतों में संगठन विस्तार का निर्णय

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित सरना समिति कार्यालय में रविवार को झारखंड श्रमिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन का कार्य उपाध्यक्ष गोविंद राम ने किया। इस बैठक में संगठन के विस्तार, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और श्रमिकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन जैसे अहम मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बेरमो प्रखंड की 19 पंचायतों में एक-एक समिति का गठन किया जाएगा ताकि श्रमिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। संघ के अध्यक्ष गणेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों का हनन नहीं होने देना और उनके हक के लिए लगातार काम करना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में बेरमो प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में श्रमिकों के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे और समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यगण में सरजू रजक, मणि राम मुर्मू, रीता देवी, असमत अंसारी, सावना किस्कू, मुकेश रविदास, करण कुमार, सुमित रवानी, बबीता देवी, सोना किस्कू, हनीफ अंसारी और संजय कुमार जैसे कई वरिष्ठ सदस्य शामिल थे। उन्होंने संगठन के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी की प्रतिबद्धता जताई और आने वाली योजनाओं को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

बैठक के अंत में यह तय किया गया कि सभी पंचायतों में शीघ्र ही श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु कार्यशालाओं और संगठनों के गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि श्रमिकों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके और उनके अधिकारों की हिफाजत सुनिश्चित की जा सके।

## 67 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति पर पैसे के लेन देन में, नकाबपोश बदमाश ने ताबड़तोड़ की फायरिंग

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 12 थाना अंतर्गत 12 बी में एसबीआइ के पीछे ब्लौक में छिपे अपराधियों ने शनिवार की देर रात सेवानिवृत्त कर्मी 67 वर्षीय ललन सिंह पर हत्या करने के नियत से गोली चला दी। गोली उनके सीने में लगी है मौके से अपराधी फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिलते हीं मौके पर पुलिस पहुंची और घायल को गंभीर हालत में बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह बीएसएल के अग्निशमन विभाग में काम करते थे। उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 2 ए स्थित अपने आवास से ललन सिंह किसी महिला के बुलाने पर सेक्टर 12 गए थे। मौके पर सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी पूरी टीम के साथ पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि सेक्टर 12 में उन्हें किसी से कर्ज में दी गई राशि वापस लेनी थी। इस बीच नकाबपोश बाइक सवार तीन अपराधियों ने एसबीआइ के पीछे सेक्टर 12 बी में उन्हें घेर लिया। उनकी बाइक रोक कर उन पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलाईं। एक गोली उनके सीने से पार हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भागने में कामयाब हो गए। मौके पर पहुंचे बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि सेक्टर बारह में 67 वर्षीय ललन सिंह पर जानलेवा हमला हुआ है। जिसमें गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द हमलावरों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। घायल व्यक्ति पैसे के लेनदेन का काम करता था। एसपी व अन्य अधिकारी तकनीकी टीम के साथ घटनास्थल पर देर रात तक जमे हुए थे। पुलिस टीम हमलावरों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण ब्रम्हाण समाज बोकारो की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय

### केन्द्रीय कार्यालय बारी कोऑपरेटिव में बैठक की गई

संवाददाता



**बोकारो।** सम्पूर्ण ब्रम्हाण समाज बोकारो की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के प्रमुख सदस्य और विभिन्न परिवारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में आगामी 13 जनवरी को घूम धाम से स्थापना दिवस सह बनभोज कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। समाज के केंद्रीय महामंत्री डॉ० अशोक पांडेय, अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, दिनेश चौबे, उमेश चंद्र दुबे, विनय कुमार तिवारी, शंभूनाथ तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, उषा तिवारी, किरण कुमारी, मिठू चौबे, शिवजी तिवारी, अमरेन्द्र कुमार चौबे, दिवाकर मिश्रा और शिवकुमार पांडेय ने इस बैठक में भाग लिया और आगामी कार्यक्रम के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। यह बैठक केन्द्रीय कार्यालय बारी कोऑपरेटिव में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के विकास और उद्देश्यों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में समाज की एकता और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

13 जनवरी को आयोजित होने वाले इस समारोह में समाज के सदस्य एकत्र होकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को पुनः जीवित करेंगे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देंगे। इसके साथ ही, बनभोज आयोजन का उद्देश्य सभी परिवारों को एक मंच पर लाकर एकजुटता की भावना को बढ़ाना है। समाज के सभी सदस्य इस आयोजन के प्रति उत्साहित हैं और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



संवाददाता

**कसमार/ बोकारो।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के मेरामहारा तथा दुगार्पुर गांव में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि जागरूकता के माध्यम से एचआईवी एड्स से छुटकारा पाया जा सकता है।।इस संबंध में गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किए जाने की जरूरत है जिससे लोगों के बीच में एड्स से बचाव को लेकर के जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कार्यकर्ता प्रतिमा सिंह तथा विनीता देवी ने कहा कि एड्स दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढाना है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लडने में अक्षम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किशोरियों को कहा कि एचआईवी से ग्रसित बच्चों के प्रति आत्मीयता रखें और उनके साथ मधुर व्यवहार रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एड्स के कारण, लक्षण एवं रोकथाम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने छात्राओं से ऑनलाइन चर्चा करते हुए एड्स के बारे में भ्रांतियों जैसे खांसी, भोजन, स्पर्श से एड्स होना गलत बताया। इन आधारों पर एड्स रोगी के साथ में भेदभाव किया जाना अमानवीय है। इस दौरान किशोरी क्लब की लड़कियां उपस्थित थी।

## बोकारो रोटरी क्लब ने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

संवाददाता



**बोकारो ।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी, जिला 3250 ने ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन बोकारो के उलगोरा स्थित जगदीश सेठ मेमोरियल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आशा की किरण प्ले स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं को जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटेरियन अशोक तनेजा और रोटेरियन मनु श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ० जयदेव कुमार महतो ने ₹सशक्त बनाना, बाधाओं को तोड़ना और पुल बनाना₹ विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। रोटेरियन मनु श्रीवास्तव ने करियर के अवसरों पर बात करते हुए छात्रों को अपनी रुचि और उद्देश्य को पहचानने के लिए प्रेरित किया। वहीं रोटेरियन राखी बनर्जी ने स्वस्थ आदतों, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में चंद्रिमा रे ने ₹संवादः बातें अनकही सी₹ विषय पर एक प्रभावशाली सत्र प्रस्तुत किया। खेल सत्रों ने प्रतिभागियों के बीच उत्साह और जोश का संचार किया। एनी नीलम और रोटेरियन घनश्याम दास द्वारा आयोजित इन खेलों ने युवाओं को टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से जुड़ा। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन संजय तिवारी के समेकित सारांश और समापन टिप्पणी के साथ हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने इस आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की सेवा और समुदाय निर्माण की समृद्ध परंपरा को और मजबूती प्रदान की और उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक प्रेरक और उत्साहवर्धक कार्यक्रम के रूप में सराहा।

## बच्चों में स्वेटर का वितरण



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल के गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत राजाबाजार आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 में रविवार को केंद्र के सभी बच्चों के बीच पंचायत की मुखिया कबिता कुमारी ने सरकार की ओर से मुहैया करवाए गए स्वेटरों का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को समाज कल्याण विभाग की ओर से ठंड के प्रकोप को देखते हुए दो-दो स्वेटर दिए गए हैं। इस वितरण कार्यक्रम में केंद्र की सेविका तबस्सुम आरा और सहायिका जुलेखा भी मौजूद थीं, जिन्होंने बच्चों को स्वेटर वितरित करने में सहायता की।

## संक्षिप्त खबरें

### यादव समाज ने विधायक प्रदीप प्रसाद से की मुलाकात



**हजारीबाग।** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से यादव समाज के प्रतिनिधियों ने विशेष मुलाकात की और उन्हें विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। समाज के प्रतिनिधियों ने हाल ही में हुई हत्या की एक गंभीर घटना पर चर्चा की, जिसमें मंजीत यादव की नृशंस हत्या का मामला शामिल है। समाज के सदस्यों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की और न्याय की मांग की। प्रतिनिधियों ने विधायक से अपील की कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाय। यादव समाज ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यादव समाज को भरोसा दिलाया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेंगे और जिला प्रशासन तथा उच्च अधिकारियों से तुरंत संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और मैं यादव समाज को विश्वास दिलाता हूं कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है। विधायक ने यह भी कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर प्रशासन पर सकारात्मक दबाव बनाना होगा ताकि मंजीत यादव के परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाएंगे और मंजीत यादव के परिवार के साथ खड़े रहेंगे। मौके पर सुखदेव प्रसाद यादव, रंजन यादव, प्रकाश यादव, हरि गोप, कमल गोप, गोपाल यादव, मनोज कुमार यादव, कन्हैया गोप, शम्भु यादव, मनोज कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ के प्रवासी श्रमिक की चेन्नई में मौत, शव को पैतृक गांव लाने की परिजनों की गुहार



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के प्रवासी श्रमिक सरयू कुमार महतो (20) की चेन्नई में काम के दौरान एक हादसे में मौत हो गई। सरयू महतो, जो जोबर पंचायत के फुसरो टोला का निवासी था, चेन्नई के इलेक्ट्रोस्टील टेस्टिंग राधारानी इंटरप्राइजेज में काम करता था। रविवार को एक ऊंची जगह से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। मृतक घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, और अब उसकी मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति और भी दयनीय हो गई है। परिवार शव को गांव लाने में असमर्थ है, और उन्होंने किसी भी माध्यम से शव को घर लाने की गुहार लगाई है। इस घटना पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए समाजसेवी सिकंदर अली और पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो ने सरकार से उचित मुआवजे और शव लाने की अपील की है।

### बड़कागांव वन क्षेत्र में कोयले का उत्खनन जोरों पर, खदानों के ढहने का खतरा



**बड़कागांव।** बड़कागांव वन क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में अवैध कोयला खनन जोरों पर है। इसके कारण पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है और सरकारी राजस्व को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। बड़कागांव क्षेत्र के लौकुरा, चंदौल, इंदिरा जंगल, तिलैया लूंरगा, चानो, और अन्य स्थानों पर सैकड़ों अवैध कोयला खदान संचालित हो रहे हैं, जिनसे प्रति बैलगाड़ी 1000 से 1200 रुपये और प्रति ट्रैक्टर 3500 रुपये की बिक्री हो रही है। कई खदानों की स्थिति जर्जर हो चुकी है और इनमें कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस पर रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी है और उन क्षेत्रों में डोजरिंग की जाएगी। पुलिस प्रशासन से भी सहयोग की आवश्यकता है।

# राम रतन हाई स्कूल का हुआ कायाकल्प, आधुनिक सुविधा युक्त तीन मंजिला भवन बनकर तैयार

चंद्रिका मार्तंड

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र का सबसे पुराना स्कूल राम रतन हाई विद्यालय ढोरी के अच्छे दिन आने वाले हैं। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह द्वारा डीएमएफटी मद से लगभग पांच करोड़ (4.88 करोड़) की लागत से स्कूल भवन से लेकर कैंपस, क्लास रूम, लाइब्रेरी और खेल मैदान तक का कायाकल्प किया गया है। कभी ख्यातिप्राप्त उस स्कूल में दूर-दूर से शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राएं आते थे। इस स्कूल की जर्जर भवन और सुविधाओं की कमी के कारण छात्रों में पढ़ने की रुचि कम होने लगी थी। अब पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नया बनाया गया। आज उस स्कूल का तीन मंजिला भवन चमचमा रहा है। भवन और कैंपस को स्मार्ट बनाने के साथ क्लास रूम को भी स्मार्ट किया गया है। जहां छात्र आधुनिक सुविधाओं से लैस कक्षा में पढ़ाई कर सकेंगे। माहौल को भी ऐसा ढालने का प्रयास किया गया है कि निजी स्कूल जैसा लगे। फिलहाल कक्षाओं में प्रोजेक्टर लगाने का काम किया जा रहा है। कुछ दिनों में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल इस स्कूल भवन का उद्घाटन करेंगे। स्कूल में हर आधुनिक सुविधाएं,



4.70 करोड़ से जल्द बनेगा। इंडोर स्टेडियम भी जर्जर भवन व असुविधाओं से मिलेगा छुटकारा। उ?द्घाटन भी जल्द किया जायेगा। दिवंगत राजेंद्र सिंह और दिवंगत जगरनाथ महतो की पहल से स्कूल का कायाकल्प हुआ है।

बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ही इसका भी उद्घाटन करेंगे। तीन मंजिला नया विद्यालय भवन में कुल 17 कमरे हैं. इसके अलावा प्राचार्य कक्ष, शिक्षक कक्ष, शौचालय, सिक रूम, गेम रूम, फायर फाइटिंग सिस्टम, कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, रेस्ट रूम, लाइब्रेरी, स्पोर्ट रूम, मैदान, कैंटीन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। जानकारी के अनुसार पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित राम रतन उच्च विद्यालय की खाली जमीन पर 4.70 करोड़ की लागत से जल्द ही इंडोर स्टेडियम का निर्माण होगा।

इसकी घोषणा 15 अगस्त को बेरमो विधायक ने झंडोत्तोलन के दौरान की है। निर्माण कार्य का शिलान्यास भी कुछ माह पूर्व विधायक कुमार जयमंगल ने किया है। फुसरो के छात्र पढ़ाई करते, फिलहाल लगभग 750 छात्र इस विद्यालय में फुसरो बाजार, ढोरी बस्ती, करगली बाजार, मकोली, पिछरी, पटेल नगर, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो बस्ती, करगली गेट, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, चलकरी, अंगवाली आदि क्षेत्र से सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। आठवीं, नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए राम रतन हाई स्कूल के तैयार नया भवन में पठन पाठन कार्य कराया जायेगा। बताया गया कि इंडोर स्टेडियम बास्केट बॉल, जिम, कैरम, चेंजिंग रूम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि की सुविधाओं से लैस होगा। जहां राम रतन हाई स्कूल सहित अन्य विद्यालय के बच्चे भी खेलकूद का अभ्यास कर सकेंगे। दसवीं कक्षा तक यहां पढ़ाई होती है। यहां करीब साढ़े सात सौ बच्चे नामांकित हैं।

बताया जाता है कि पहले एक हजार से ज्यादा छात्र पढ़ते थे। लेकिन स्कूल की दुर्दशा के कारण विद्यार्थियों की संख्या घटकर 750 हो गई है। अब स्कूल का कायाकल्प होने के बाद छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी। विद्यालय के विकास को लेकर स्थानीय छात्रों, शिक्षकों के साथ अभिभावकों में भी उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि रामरतन हाई स्कूल ढोरी की स्थापना 1950 में हुई थी। तब से निरंतर यह स्कूल उन्नति की राह पर चला। यहां बेरमो के कई नामी गिरामी लोग भी पढ़कर विद्यालय का नाम रौशन कर चूके हैं। विद्यालय भवन लगभग तैयार है। बस उद्घाटन का इंतजार है। नये भवन में बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिलेगी। यहां फिलहाल 722 छात्र नामांकित है। जबकि 17 शिक्षक नियुक्त हैं। फिलहाल एक हजार छात्रों का लक्ष्य है। इस स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज साहनी ने कहा कि इस स्कूल में सुविधाओं की कमी के कारण अभिभावकों की रुचि घटी है। लेकिन स्कूल का कायाकल्प होने से यहां विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी। कहा कि पहले जर्जर भवन को तोड़कर नये भवन का निर्माण करने की पहल पूर्व ऊर्जा मंत्री सह तत्कालीन बेरमो विधायक दिवंगत राजेंद्र प्रसाद सिंह ने की थी। उनके बाद पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो ने पहल की और तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने नया भवन बनाने और आधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय बनाने के साथ इसका कायाकल्प कराने का निर्देश दिया। फिर वर्तमान बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने जुलाई 2023 में तोड़कर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जो अब मूर्त रूप ले लिया है।

## बीडीओ ने गोपालपुर गांव के बिरहोर टोला का किया दौरा

### बिरहोर परिवारों की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली

संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज ब्लॉक के गोपालपुर गांव स्थित बिरहोर टोला में बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर निरीक्षण किया और वहां के बिरहोर परिवारों की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने इन परिवारों के आवास, शौचालय, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। बीडीओ ने बताया कि बिरहोर परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है ताकि यह



सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से सभी आवश्यक लाभ मिल रहे हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि जर्जर आवासों का जीर्णोद्धार डीएमएफटी मद से किया जाएगा और जिन परिवारों के पास रहने के लिए आवास नहीं हैं, उनके लिए नए आवास बनाए जाएंगे। बीडीओ ने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के आधार पर आगामी दिनों में इन परिवारों की स्थिति में सुधार किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत सचिव तारामणी, जनसेवक संतोष कुमार गुप्ता, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, रामनरायण दास, पंकज कुमार यादव, सेविका नीरज देवी, सरिता बिरहोरिन, छोटा शुक्र बिरहोर, सुरेश बिरहोर, नरेश बिरहोर, क्रांति बिरहोरिन समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## खतियानधारी विस्थापित समिति की बैठक संपन्न

### राजेंद्र प्रसाद सिंह स्टेडियम जबरन बनाया जा रहा है : नरेश महतो

संवाददाता

**बेरमो।** खतियानधारी विस्थापित समिति की बैठक रविवार को गणेश मंदिर ढोरी बस्ती में हुई। बैठक में नरेश महतो ने कहा कि वर्तमान मे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा ढोरी ग्राउंड में स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह के नाम से स्टेडियम बनाया जा रहा है जो कि गलत है। यहां स्टेडियम बनाने का काम ठेकेदार द्वारा जबरन किया जा रहा है जबकि इसका एनओसी ना तो बेरमो सीओ के द्वारा दी गई है और ना ही सीसीएल द्वारा दिया गया है। जिसका विरोध खतियानधारी विस्थापित समिति करेगी। कहा कि संबंधित अधिकारियों को लिखित जानकारी दी जाएगी। मोहन महतो ने कहा कि सीसीएल कई वर्षो से ढोरी रैयत किसानों के खेत खलिहानों एवं घरों को कब्जा कर रही है। हमारे खेतों में ओवी गिराकर बर्बाद कर दिया गया है। सीसीएल कंपनी द्वारा आज तक न नौकरी, न ही मुआवजा और न ही पुनर्वास दिया है। जिससे ढोरी ग्रामवासियों के लोग विस्थापित बेरोजगार और बेघर हो गए हैं। कहा कि हमारे बच्चे बेरोजगारी और अशिक्षा कि दंश झेल रहे हैं। कहा कि सीसीएल ने सभी विस्थापितों को पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और न ही विस्थापित बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की है। रैयत किसान की जमीन पर गैर विस्थापित लोगों से कब्जा करवा रही है। ढोरी के रैयत किसानों को जमीन पर क्वार्टर बनाकर गैर विस्थापित लोगों को बसा रही है और उन्हें सुविधा दे रही है और हम लोगों को हर सुविधा से वंचित रख रही है। कहा कि ढोरी मौजा के कुल जमीन 866.75 एकड़ कम्पनी लिख रही है कि वर्ष 1936 में ढोरी कोलियरी को लीज प्राप्त है। यह भी लिख रही है कि 999 वर्ष तक राजा रामगढ़ से लीज से प्राप्त है। जबकि कंपनी सन 1972 में नेशनलाईजेशन के समय से हैं। तो 1836 में लीज प्राप्त होने की बात झूठ है। इसके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से घनश्याम महतो, जगदीश महतो, प्रेमचंद महतो, युगल महतो, सूरज महतो, प्रेमचंद ठाकुर, विकास महतो, सीताराम महतो, मिथिलेश महतो, धर्मेंद्र महतो, मनोज रजक, दीपक रजक, दीपक कुमार, लालजी रजक, शंकर रविदास आदि उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में नामांकन को लेकर तीन महीने से भटक रही आलिस

### बीईईओ की लापरवाही से शिक्षा से वंचित

संवाददाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड की कन्या मध्य विद्यालय की छात्रा आलिस पिछले तीन माह से नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए अधिकारियों के पास दौड़-धूप कर रही है, लेकिन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा की लापरवाही के कारण उसका नामांकन अब तक पूरा नहीं हो सका है।

आलिस के पिता दिवाकर कुमार ने बताया कि उनकी बेटी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन नामांकन प्रक्रिया में



विलंब के कारण आलिस पढ़ाई से वंचित हो गई है। यह स्थिति शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है, जिसके तहत 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाती है। आलिस ना तो अपनी वर्तमान विद्यालय में पढ़ाई कर पा रही है, और ना ही नवोदय विद्यालय में नामांकन हो पा रहा है। आलिस के नामांकन को लेकर उसके पिता ने उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आलिस के नामांकन को लेकर सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, रिपोर्ट कार्ड, और अन्य अभिलेख तीन महीने से बीईईओ के पास फंसे हुए हैं, जिससे स्कूल में उसका नामांकन नहीं हो पा रहा है। इस लापरवाही के कारण आलिस के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है और उसके भविष्य पर गहरा असर पड़ सकता है।

## कारो में संडे कटौती के विरोध में माइनिंग सरदार और ओवरमैन ने किया कार्य बहिष्कार

संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रबंधन द्वारा कारो खुली खदान में संडे ड्यूटी कटौती भारी पड़ा है। रविवार को इसका विरोध करते हुए माइनिंग सरदार और ओवरमैन ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। हालांकि आउटसोर्सिंग कंपनियों का उत्पादन जारी रहा। माइनिंग सरदार और ओवरमैन का कहना है कि प्रबंधन जब तक पूर्व की भांति संडे ड्यूटी नहीं देगा कार्य का बहिष्कार रहेगा। इधर माइनिंग सरदार और ओवरमैन के कार्य बहिष्कार की जानकारी इनमोसा प्रतिनिधियों को दी गई। कारो ओसीपी व्हाइट हाउस में इस मामले को लेकर इनमोसा की बैठक हुई। इसमें निर्णय हुआ कि माइनिंग स्टाफ के साथ इनमोसा हमेशा खड़ा रहेगा। किसी भी हाल में प्रबंधन को मनमानी नहीं करने



दिया जाएगा। कहा कि खदान से सुरक्षित उत्पादन के लिए पूर्व की भांति माइनिंग सरदार और ओवरमैन को ड्यूटी दी जाय। इस अवसर पर इनमोसा के एरिया अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कारो शाखा अध्यक्ष डोमन पासवान, सचिव निरंजन सिंह सहित दिनेश सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह, सूरज सिन्हा, अजीत सिंह, तन्मय डे, धर्मेंद्र सिंह, तारो महतो, कार्तिक गोस्वामी, अशोक महतो, अभिषेक रजक, गोमेज सिंह, मकसूद आलम, सुनील कुमार, लवली कुमार उत्तम, लक्ष्मण मोदी, चंचल कुमार, महेश रजक, पिंटू कुमार, सुनील कुमार मोदी आदि मौजूद थे।

## सोनू कॉन्सेप्ट एकेडमी द्वारा आयोजित जैक गणित ओपन टेस्ट में टॉप टेन बच्चों को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**चतरा।** जिले के नगवां बाईपास रोड स्थित सोनू कॉन्सेप्ट एके-डमी द्वारा आयोजित जैक गणित ओपन टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक सोनू कुमार एवं मुख्य अतिथि के रूप में राज्य संपोषित बालिका +2 उच्च विद्यालय चतरा की प्रधानाध्यापिका नीतू प्रजापति उपस्थित थीं। उन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल और पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानाध्यापिका नीतू प्रजापति ने



इस मौके पर कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना था। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा होता है, जो उन्हें बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। इस अकैडमी के निदेशक सोनू कुमार ने बताया कि इस प्रकार के ओपन टेस्ट के आयोजन का सिलसिला जारी रहेगा और बच्चों को अधिक से अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अगला विज्ञान ओपन टेस्ट 8 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। इच्छुक बच्चे इस टेस्ट में भाग लेने के लिए अकैडमी से संपर्क कर सकते हैं।

## ढोरी एसओपी प्रतुल कुमार का सीसीएल मुख्यालय तबादला

**बेरमो। सीसीएल के ढोरी एरिया के एसओपी प्रतुल कुमार का तबादला सीसीएल मुख्यालय रांची कर दिया गया है। उन्हें कुछ ही दिनों पूर्व महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नती मिली थी। ढोरी एरिया के एसओपीओ के प्रभार में अगले आदेश तक सीनियर मैनजर कुमारी माला को सौंपा गया है। एसओपी प्रतुल कुमार ढोरी एरिया से पूर्व बीएंडके एरिया में एसओपी रह चुके हैं।**

## विधायक जयराम महतो का पिछरी में हुआ स्वागत

संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक और जेएलकेएम प्रमुख जयराम महतो का रविवार को पिछरी में ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि वह डुमरी और बेरमो की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जनता की समस्याओं को विधानसभा में उठाने से कभी पीछे नहीं रहेंगे। स्वागत में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। इनमें संजय मल्लाह, सीताराम महतो, कृष्ण तुरी, जुगल तुरी, मो. नसीम, गौतम साव, महेंद्र महतो, अंकु हरि, पिंटू महतो, अशोक महतो, विश्वनाथ महतो, किशोर



मल्लाह, टेकलाल महतो, सुखलाल महतो, कमल सिंह, संजीत सिंह, सत्यम साहू, कृष्ण सिंह, अमित हरि, बबलू दिगार सहित अनेकों लोग शामिल थे। इस मौके पर स्थानीय जनता ने विधायक से क्षेत्रीय के विकास और बुनियादी समस्याओं के निराकरण करने की अपील की। विधायक श्री महतो ने जनता की समस्याओं को हल करने का भरोसा दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंदरी के युवक की आंध्रप्रदेश में संदेहास्पद मौत

धनबाद। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के आसनबनी-1 पंचायत के खंडेरी निवासी टिंकू राय के पुत्र दीपक राय उम्र 20 वर्ष एक साल पहले काम करने के लिए आंध्रप्रदेश गए थे। कुछ दिन पहले उनके परिजनों को टेलीफोन के माध्यम से जानकारी मिली कि उनके पुत्र की विपरीत परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। इस दुखद समाचार के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गरीब परिवार होने के कारण परिजन कुछ भी कर पाने में असमर्थ थे। इस बीच, ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना भाजपा नेता धर्मजीत सिंह को दी। खबर मिलते ही धर्मजीत सिंह अगले दिन उनके घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करते हुए सर्वप्रथम शव को वापस लाने की व्यवस्था की। साथ ही, सहायक श्रमायुक्त धनबाद से बात कर प्रवासी मजदूरों को मिलने वाली मुआवजे की राशि जल्द से जल्द परिजनों को दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं हर परिस्थिति में परिजनों के साथ हूं। सर्वप्रथम शव को वापस लाकर अंतिम क्रियाक्रम करवाया जाएगा। उसके बाद परिजनों को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि जल्द से जल्द उन्हें दिलाना मेरी टीम सुनिश्चित करेगी। इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिजनों के साथ हूं।

### गोविंदपुर में सुभाष चौक क्रॉसिंग खुलने के बाद जाम की समस्या बनी

धनबाद। धनबाद के गोविंदपुर स्थित सुभाष चौक क्रॉसिंग के खुलने के दूसरे दिन भी जाम की समस्या दूर नहीं हो पाई। शनिवार को भी जीटी रोड एनएच-19 के कोलकाता और दिल्ली लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। जाम का असर धनबाद रोड, टुंडी रोड, बलियापुर रोड और साहेबगंज रोड पर भी पड़ा। सुभाष चौक पर वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति और भी गंभीर हो गई। वाहन चालक मनमाने तरीके से क्रॉसिंग से मुड़ते रहे, जिससे जाम और बढ़ गया। इस दौरान पुलिस का कहीं भी कोई इंतजार नहीं था, जबकि शुक्रवार शाम को पुलिस ने कुछ देर के लिए व्यवस्था संभाली थी। जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बिना सुभाष चौक क्रॉसिंग खोलने से जाम की समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय लोग मानते हैं कि इस समस्या का स्थायी समाधान तब तक संभव नहीं जब तक एलिवेटेड रोड का निर्माण नहीं हो जाता। सिंदरी के माले विधायक बबलू महतो ने एसएसपी से जाम की स्थिति को लेकर बात की और सुभाष चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे जाम की समस्या का समाधान हो सकता है। एसएसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही पुलिस की तैनाती की जाएगी।

### कुमारधुबी में हुआ भव्य एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट

कुमारधुबी। बूटबाड़ी पंचेत में एक शानदार एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसे गांववासियों ने बड़े धूमधाम से संपन्न किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निरसा के लोकप्रिय विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे, जिनका गांववासियों ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक श्री चटर्जी ने खेल की शुरूआत से पहले सभी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा बिरसा मुंडा की मूर्तिकला एक विशेष भेंट के रूप में मुख्य अतिथि श्री चटर्जी को दी गई, जो उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक था। इस मौके पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी थी, जिन्होंने टूनार्मेंट का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संतोष मिश्रा, अशोक महतो और पंचायत के मुखिया सचिन मंडल भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने ग्रामीणों को एकजुट किया और एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में सामूहिक उत्सव का अहसास दिलाया। टूनार्मेंट का उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना था, बल्कि ग्रामीणों के बीच आपसी भाईचारे और स्नेह को भी प्रोत्साहित करना था।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मुफ़्त जांच शिविर का आयोजन

सिंदरी। सिंदरी के शैल देवी पब्लिक स्कूल, मोतीनगर में रविवार को हाईटेक हौस्पिटल, मारवाड़ी महिला समिति सिंदरी और प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह के सौजन्य से मुफ़्त मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 57 रोगियों की जांच की गई, जिसमें डॉ० विनीता कुमारी ने अपनी विशेषज्ञता का योगदान दिया। शिविर में हाईटेक हौस्पिटल से संदीप गुप्ता, पूजा सोनी, रवि कुमार और मारवाड़ी महिला समिति की सदस्य किरण गोयल, सीमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, विनिता जिंदल सहित शिक्षिका श्रीमती रुबी कुमारी, सीमा कुमारी, सुधा कुमारी, सुजाता कुमारी, विजेता कुमारी, पूनम कुमारी, रीना कुमारी और प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। यह शिविर समुदाय में मोतियाबिंद के उपचार के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सही समय पर इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

### रिमोट सेंसिंग और जीआईएस पर कार्यशाला का आयोजन

सिंदरी। बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग द्वारा आगामी 9 से 13 दिसंबर 2024 तक एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसका विषय ₹रिमोट सेंसिंग और ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम का अनुसंधान में उपयोग₹ है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीआईएस और रिमोट सेंसिंग तकनीकों के उपयोग और उनके अनुप्रयोगों से परिचित कराना है। कार्यशाला के दौरान, रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक इमेज सेंसिंग की चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और क्रियान्वयन योग्य समाधान प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, विभिन्न गतिविधियों में संसाधन मूल्यांकन, पर्यावरणीय निगरानी, भूमि उपयोग/भूमि आवरण मानचित्रण जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में बीआईटी मेसरा, एनआईटी रायपुर, एनआईटी राउरकेला, आईसीएआर-आईडब्ल्यूएससी और यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम के संरक्षक झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ० डी० के० सिंह होंगे। इच्छुक प्रतिभागी बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ईसीआरकेयू के समर्थन में विशाल मोटरसाइकिल जुलूस, धनबाद में रेलकर्मियों ने दिखाई एकता

# यह आयोजन उनकी एकता व समर्थन का प्रतीक है



संवाददाता

धनबाद। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के समर्थन में धनबाद में रेलकर्मियों द्वारा एक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रेलकर्मी शामिल हुए। जुलूस सुबह 11:30 बजे धनबाद शाखा-2 से प्रारंभ होकर शहर की विभिन्न रेल कॉलोनियों से गुजरते हुए शाखा-1 पर संपन्न हुआ।

यह जुलूस बेकर बंद, हिल कॉलोनी, डीएस कॉलोनी, वॉच वार्ड कॉलोनी, कोचिंग डिपो, पावर हाउस, तेतुलतला कॉलोनी, लोअर मटकुरिया, रंगातार कॉलोनी और धनबाद की लगभग सभी प्रमुख रेल कॉलोनियों से होकर गुजरा। जुलूस का उद्देश्य कर्मचारियों में जागरूकता फैलाना और यूनियन के प्रति समर्थन मजबूत करना था। रेलकर्मियों ने अपनी मोटरसाइकिलों पर यूनियन के झंडे और बैनर लगाए हुए थे। उनका उत्साह और जोश देखते ही बनता था। इस जुलूस में यूनियन के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। नेताजी सुभाष, सोमेन दत्ता, एन. के. खवास, जितेंद्र कुमार साव, बी. के. दुबे, आर. के. सिंह, परमेश्वर कुमार, मृगभूषण सिंह, मोहम्मद जफर सिद्दीकी, सी. एस. प्रसाद, इजहार आलम, विमान मंडल, अजय कुमार सिन्हा, सुरेंद्र कुमार चौहान, अमरजीत यादव, धीरज कुमार, संतोष गोंड, अजमुद्दीन अंसारी, प्रदीप मंडल, सागर पासवान, अरुण कुमार, नवीन कुमार, संजीत कुमार, पिंटू नंदन, रंजीत यादव, भानु प्रकाश, रविंद्र रवानी, राजीव कुमार, शिवजी प्रसाद, बी. बी. आजाद, चंद्रशेखर, राजकुमार, मिथिलेश, अमित कुमार, अशोक कुमार और बिस्वजीत मुखर्जी जैसे नाम इस आयोजन का हिस्सा बने। जुलूस में शामिल कर्मचारियों ने इसे सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि यूनियन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर बताया। उन्होंने ईसीआरकेयू की उपलब्धियों और उनके हितों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। यूनियन के नेताओं ने कहा कि यह आयोजन उनकी एकता और समर्थन का प्रतीक है और आने वाले चुनावों में यह उनकी ताकत को और अधिक मजबूत करेगा। इस आयोजन ने न केवल रेलकर्मियों के बीच जोश और ऊर्जा का संचार किया, बल्कि धनबाद की जनता और अन्य कर्मचारियों का भी ध्यान आकर्षित किया। जुलूस के अनुशासन और संगठन ने यह स्पष्ट कर दिया कि ईसीआरकेयू न केवल रेलकर्मियों की समस्याओं को सुलझाने में अग्रणी है, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा में भी पूरी तरह से सक्षम है। जुलूस के दौरान पूरे धनबाद में एक नया जोश और उत्साह देखने को मिला। रेलकर्मियों का यह प्रदर्शन यूनियन की शक्ति और एकजुटता का एक उदाहरण बन गया। यूनियन ने इसे सफल आयोजन बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## रघुनाथ खरकिया आई हॉस्पिटल ने 981वां नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का किया आयोजित



संवाददाता

कुमारधुबी। कुमारधुबी में लायन्स क्लब रघुनाथ खरकिया मेमोरियल आई हॉस्पिटल द्वारा रविवार को 981वां निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घाटन हॉस्पिटल के चेयरमैन जगदीश अग्रवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों ग्रामीण अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर स्व० रघुनाथ खरकिया की 53 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया है। पिछले 28 वर्षों से लगातार यह सेवा जारी है। अब तक कुल 981 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन लोगों को मदद पहुंचाना है जो महंगे ऑपरेशन का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। शिविर में डॉ० शांतनु देव ने बताया कि मरीजों की आंखों की जांच की जा रही है। जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा, उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा, अन्य आंखों की समस्याओं से पीड़ित लोगों को मुफ्त दवा दी जाएगी। अभी तक शिविर में 100 से अधिक मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान की गई है। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन और दवा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर के दौरान विनोद अग्रवाल, कृष्ण लाल रुंगटा, प्रदीप खरकिया, अजय शर्मा, डॉ० सूर्यकांत, डॉ० शांतनु देव, निलंजन चंद्र, बापी बनर्जी, पीयूष राय, शिव शंकर दास और पलाश मुखर्जी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## युवा संगम पहल के तहत झारखंड के युवा उत्तराखंड की शैक्षिक सांस्कृतिक यात्रा पर निकले



संवाददाता

धनबाद। शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई युवा संगम पहल के तहत झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से 45 युवाओं की एक टीम उत्तराखंड की शैक्षिक और सांस्कृतिक यात्रा पर निकली है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के बीच लोगों से लोगों के बीच संबंध को मजबूत करना है। 30 नवंबर, 2024 को, टीम ने छह समन्वयकों के साथ, स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड का दौरा किया और हीरो कॉरपोरेशन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में विनिर्माण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस जानकारीपूर्ण यात्रा के बाद, समूह शाम को रूड़की लौट आया, जहां वे बैडमिंटन सहित मनोरंजक गतिविधियों में शामिल हुए। और क्रिकेट, आईआईटी रूड़की के कर्मचारियों और छात्रों के साथ। उनकी यात्रा के दूसरे दिन. एक दिसंबर को टीम ने बहादराबाद के पूरनपुर गांव का रुख किया। हरिद्वार जिले का हॉक। यहां, उन्होंने स्व-रोजगार वाली महिलाओं से बातचीत की, जो मोमबत्तियां, अचार और बायोएंजाइम का उत्पादन करती हैं, जिनका विपणन आईआईटी रूड़की के माध्यम से किया जाता है। इस यात्रा में प्रधान के घर, एक आम झील, स्थानीय स्कूल, एक छोटी हवेली, सड़कें और सब्जियों के खेतों का दौरा शामिल था। टीम ने पतंजलि ग्राम का भी दौरा किया, जहां उन्होंने एक स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ बातचीत की। 2 दिसंबर के यात्रा कार्यक्रम में कोटद्वार और लैंसडाउन के विभिन्न स्थलों जैसे सिद्धबली मंदिर, तारकेश्वर धाम मंदिर, बुल्ला ताल और गढ़वाल राइफल्स का दौरा शामिल है। यात्रा के समापन के दिन, 3 दिसंबर को टीम राज्य की राजधानी देहरादून का दौरा करेगी। इस दिन के मुख्य आकर्षणों में राजभवन, सहस्त्रधारा जो अपने औषधीय सल्फर युक्त पानी के लिए जाना जाता है और रॉबर्स गुफा, एक प्राकृतिक नदी गुफा निर्माण की यात्राएं शामिल हैं। टीम का उत्तराखंड से प्रस्थान करने और 4 दिसंबर को धनबाद लौटने का कार्यक्रम है। पारस्परिक व्यवस्था में, युवा भारत यात्रा के लिए चयनित उत्तराखंड के युवा, उत्तराखंड में चल रही विश्वविद्यालय परीक्षाओं के समापन के बाद जनवरी 2025 में झारखंड का दौरा करेंगे। यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है बल्कि आपसी सहयोग और समझ को भी बढ़ावा देती है।

## आलू व्यवसायियों ने ममता और हेमंत सरकार से की अपील, बॉर्डर जल्दी खोलने की मांग



संवाददाता

धनबाद। बंगाल सरकार की बेरुखी का असर झारखंड और बिहार के व्यवसायियों के साथ-साथ आम लोगों पर भी पड़ रहा है। झारखंड और बंगाल सीमा पर स्थित मैथन के डिबुडीह चेकपोस्ट पर गुरुवार रात से आलू लोड वाहनों को रोक दिया गया है, जो बंगाल से आलू लोड कर बिहार और झारखंड लाए जा रहे थे। इससे वाहनों में रखे आलू खराब हो रहे हैं, और व्यवसायियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। चेकपोस्ट पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से अन्य मालवाहन भी फंसे हुए हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। धनबाद जिले के बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार में शुक्रवार से बंगाल से आने वाले आलू लोड वाहन नहीं पहुंचे। इसके कारण बाजार में आलू की आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। इससे थोक व्यवसायियों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। आलू की कमी के चलते व्यापारियों को मजबूरन उत्तर प्रदेश से आलू मंगवाना पड़ा है, जिससे माल की लागत भी बढ़ गई है। आलू व्यवसायियों का कहना है कि इस स्थिति से उनके व्यापार में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है, और यदि जल्द ही बॉर्डर नहीं खोला गया, तो आलू की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण मूल्य वृद्धि और अन्य व्यापारिक समस्याएं हो सकती हैं। व्यवसायियों ने ममता बनर्जी और हेमंत सोरेन सरकार से अपील की है कि वे इस मुद्दे का समाधान शीघ्र करें और चेकपोस्ट पर वाहनों की आवाजाही को बहाल करें ताकि व्यापार सामान्य हो सके और आलू जैसे आवश्यक वस्त्रों की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी रहे।

## 10 साल में एक बूंद भी पानी नहीं दे पाई ठेठाटांड़ मेगा जलापूर्ति योजना



संवाददाता

धनबाद। टुंडी मुख्यालय के ठेठाटांड़ में मेगा जलापूर्ति योजना 10 साल के बाद भी पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर पाई। पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा लगभग 54 करोड़ की लागत से शुरू की गई इस योजना का प्रस्ताव 2013 में रखा गया था। हालांकि, आचार संहिता लागू होने के कारण 2014 में तत्कालीन जल संसाधन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक राजकिशोर महतो की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया था। एक दशक बीतने के बावजूद यह योजना अब तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है।।यह योजना टुंडी क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी थी, लेकिन इसकी धीमी गति ने कई सवाल उठाए हैं। इस योजना के तहत पोस्टमारा, झिनाकी, बंगारो, भगुडीह, मनियाडीह, चरक, भुस्की आदि स्थानों पर पानी की टंकियां तैयार की गई हैं। इनमें से कुछ स्थानों पर ट्रायल भी लिया गया, लेकिन कुछ जगहों पर लीकेज और पाइपलाइन से पानी बहने की समस्याएं सामने आईं। कई स्थानों पर टंकियां भी चू रही हैं।

इसके बावजूद, अब तक टुंडी मुख्यालय तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच पाई है। वर्तमान स्थिति यह है कि टुंडी मुख्यालय में अब तक पाइपलाइन का काम भी पूरा नहीं हो सका है। इस योजना के कार्य में विभाग की लापरवाही और संवेदक की उदासीनता के कारण टुंडी विधायक के लिए इसे चालू करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस योजना के माध्यम से टुंडी, पूणार्डीह, कोल्हर, फतेहपुर, मछियारा, जाताखूंटी, जीतपुर, मनियाडीह और अन्य 60 से अधिक गांवों और टोलों में नदी से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य था। इस संबंध में विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि यह योजना उनके लिए भी एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने विधानसभा में कई बार इस पर सवाल उठाए हैं और अब वे अलग से पहल करेंगे। संवेदक से बात कर इस योजना को पूर्ण करने में आ रही परेशानियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी। विभाग ने कहा कि पेयजल और स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता जेपी सिंह ने बताया कि 2017 में पाइपलाइन बिछाई गई थी। जब पानी ट्रायल के लिए छोड़ा गया, तो कुछ स्थानों पर लीकेज पाया गया। इसे सुधारने का काम चल रहा है और टुंडी मुख्यालय में भी काम जारी है। शीघ्र ही पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।

## सनातन संस्था का रजत जयंती समारोह

# स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज का अमृत महोत्सव संपन्न









संवाददाता

धनबाद। गोवा के पर्वरी स्थित सुकुर पंचायत सभागृह में प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज के अमृत महोत्सव और सनातन संस्था के रजत जयंती समारोह का आयोजन अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज ने सनातन संस्था के 25 वर्षों के धर्म कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र स्थापना का लक्ष्य अब साकार होने के करीब है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्था ने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म का प्रचार-प्रसार और समाज को सशक्त बनाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने कहा कि गोवा सरकार देव, देश और धर्म के रक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्री श्रीपाद नाईक ने संस्था के सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसके प्रयासों से हजारों लोग तनावमुक्त और व्यसनमुक्त जीवन जीने लगे हैं।

इस अवसर पर सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन राजहंस ने बताया कि संस्था ने 25 वर्षों में जिहादी, कम्युनिस्ट और अर्बन नक्सलवादियों का प्रखर विरोध करते हुए धर्म रक्षण और हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए कार्य किया है। सनातन संस्था द्वारा किए गए सुझाव केंद्रीय कानूनों में अपनाए जाने से इसकी प्रासंगिकता और प्रभाव स्पष्ट होता है। कार्यक्रम के दौरान 'सनातन प्रभात' के रजत जयंती विशेषांक, 'कुंभपर्व माहात्म्य' और 'नामजप कौन सा करना चाहिए ' जैसी पुस्तकों का विमोचन किया गया।

समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद नाईक, गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खंवटे, महाराष्ट्र गो सेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदड़ा, और गोवा के कई विधायकों समेत 1,350 से अधिक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वेद मंत्रोच्चारण से हुआ। प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज का 75 दीपों से अभिनंदन किया गया। समारोह का समापन आशीर्वचनों और संस्था के कार्यों की प्रशंसा के साथ हुआ। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सनातन संस्था के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 02 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। - प्रेमचंद**

## दहेज की बलि चढ़ती बेटियां

दहेज का दानव प्रतिदिन बेटियों को निगल रहा है दहेज के दानव का खात्मा करना होगा। आज भले ही लडकी कितनी भी उच्च शिक्षित हो मगर पहली शर्त यही होती है कि यहां से कितना दहेज मिल सकता है दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता बन गई हैं। विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में बढ़ रही दहेज की संस्कृति को रोकना होगा प्रतिदिन दहेज के लालचियों द्वारा बेटियों को दहेज की बलि चढ़ाया जा रहा है देश के हर राज्य में दहेज के मामले प्रकाश में आ रहे है' दहेज हत्याओं की बढती घटनाएं अशुभ सकेत है आखिर दहेज हत्याऐ क्यों नहीं रुकती है यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। भारत में दहेज हत्याओं की प्रतिश्तता दर बढ़ती ही जा रही हे 18 से 20 वर्ष की लड़कियों की संख्या के ज्यादा मामले प्रकाश में आ रहे हैं। इकलौती बेटियां बलि चढ़ाई जा रही है। समझ नहीं आता कि समाज के लोग चुप क्यों है अगर आज दूसरों की बेटी जलानें के मामले में चुप है मगर कल जब उनकी बेटियों के साथ ऐसा होगा तब भी क्या चुप रहेगें। समाज को इन लोभियों का खात्मा करना होगा। दहेज प्रथा ने आज इतना भयानक रुप धारण कर लिया है कि समाज का प्रत्येक वर्ग इसके कारण दुखी है इसकी भयानकता का प्रमाण प्रतिदिन हो रही घटनाओं में साक्षात नजर आ रहा है। आज सोना 77350 रुपए और चांदी 90297 हो चूका है। गरीब लोग कहाँ से जेवर देंगें। सरकार को सख्त कानून बनाना होगा तभी यह आभिशाप मिट सकता है। दहेज उन्मूलन के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपया खर्च किया जाता है सैमीनार लगाए जातें है रैलियां निकाली जाती है नारे लिखे जाते है, मगर नतीजा कुछ नहीं निकलता। जो जनता के मसीहा ऐसे कानून बनाते है वही लोग इसका सरासर उल्लघन करते हैं। बेशक देश में दहेज के खिलाफ ढेरों कड़े कानून बनाए है मगर यह कानून फाईलों की धूल चाट रहे हैं। पिछले बीते दस सालों के यह आंकडे बहुत ही खौफनाक तस्वीर प्रस्तूत कर रहे हैं। आज बेटियों को जलाया जा रहा है यातनाएं दी जा रही हैं ऐसे कई रुह कंपा देने वाले मामले हर रोज देखने को मिल रहे हैं। गरीब घरों की बेटियां चारदीवारी के अन्दर ही अन्दर घूटती रहती है उनकी सिसकियां देखने वाला कोई नहीं है क्योकि उन्हे डर होता है कि यदि विरोध किया तो न घर की रहेगी न घाट की रहेगी इसलिए चुपचाप नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड व्यूरों में दर्ज मामले चैकानें वाले है हर वर्ष इन घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं। कानूनों का उल्लघन हो रहा है। दहेज प्रथा की जड़े गहरी होती जा रही है अगर समय रहते इन जड़ों को काटा नहीं गया तो बाद में पछतानें के सिवाय कुछ हासिल नहीं होगा। आज गरीबों की बेटियों को दहेज के लिए मारा जा रहा है। दहेज लोभियों को जमानतों पर छोड़ा जा रहा है। पैसें के बल पर जेलों से रिहा हो रहे है। फिर न्याय की उम्मीद किस से करें। गरीब आदमी कुछ नहीं कर पा रहे है न्याय के लिए भटक रहे है पर न्याय नहीं मिल रहा है। दहेज लालची अपने बिगडैल लाडलों की दूसरी शादियां कर रहे हैं। विडम्बना देखिए की लोग इन अपराधियों से अपनी बेटियों की शादियां कर रहे है। समाज को ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए जो दहेज के लिए मार चुके अपराधियों को अपनी बेटियां सौंप रहे है। ऐसे लोगों को तब होश आएगा जब उनकी बेटियां भी मौत के घाट उतारी जाएगी। ऐसे लोग समाज पर कलंक है जो दहेज लोभियों का साथ देते है। दहेज की प्रताड़नाओं से दुखी होकर बेटियां आत्महत्या कर रही है छोटे-छोटे व दूधमुहें बच्चे-बच्चियां छूट रहे है। बिना मां के इन मासूम बच्चों का जीवन नरक बन रहा है। क्योकि दहेज लोभी दूसरी शादियां कर रहे है। फिर इन बच्चों को नारकीय जीवन जीनें के लिए मजबूर होना पड़ता है। कानून के अनुसार दहेज लेना व देना कानूनी जुर्म है मगर इस नियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आज लोग भारी-भरकम दहेज दे रहे हैं जिस कारण यह प्रचलन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। गरीब लोग दहेज देने में असमर्थ है नतीजन ससुराल पक्ष के लोग उन्हे प्रताड़ित करते हैं देश का कोई भी राज्य इस दहेज की बीमारी से अछूता नहीं है हर राज्य में दहेज हत्याओं के मामले घटित हो रहे हैं सामाजिक संस्थाएं भी ऐसे मामलों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है वे भी कुछ मामलो को ही तरजीह देती है दहेज हत्याओं का ग्राफ घटनें के बजाए निरंतर बढता ही जा रहा है। कानून का लचीलापन तथा सरकारें इसके लिए जिम्मेवार हैं। आज पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व उतर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों मे प्रतिदिन ऐसे मामले हो रहे है। मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली व चैन्नई जैसे महानगरों में तो ऐसे मामले हदें पार कर चुके हैं क्योकि यहां हर दिन दहेज हत्याएं होती है। मगर दहेज के लोभियों पर कोई सख्त कारवाई नहीं हो रही है नतीजन यह प्रथा विकराल रुप धारण करती जा रही है यदि सरकारें इन दहेज के लालचियों पर शिकंजा कसे तो इस प्रथा को रोका जा सकता हे मगर राज्य सरकारें हाथ पर हाथ धरे तमाशा देख रही हैं। अगर अब भी सरकारों से लापरवाही बरती तो दहेज हत्याएं होती रहेगी। निति-नियंताओं को चाहिए कि इस पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाएं ताकि इस दहेज के दानव से निजात मिल सके। वक्त अभी संभलने का है। दहेज विरोधी संस्थाओं को ऐसे लोगों को कटघरे में खड़ा करके सजा दिलवानी चाहिए ताकि आने वाले समय में दहेज प्रथा पर पूर्ण रुप से प्रतिबन्ध लगाया जा सके। सरकार के कानून फाईलों की धूल चाटते रहेगें दहेज के नाग बहु-बेटियों को काटते रहेंगें। समाज को आगे आना होगा, दहेज प्रथा को जड़ से मिटाना होगा।

# पाकिस्तान में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून



आर.के. सिन्हा

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 100 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसके जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं।

वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह तो दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करता। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन, ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं।

पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में बम धमाके आम बात हो चुके हैं। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है। वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था।

पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के खिलाफ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है।

तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आमतौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं।

बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने कि एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जायेगा।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है , जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, उन्हें ₹दूसरे₹ के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुँच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं। यह आर्थिक असमानता सामाजिक भेदभाव को और बढ़ाती है। एक समस्या यह भी है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों में अक्सर अपराधियों को सजा नहीं मिलती है, जिससे उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ता है और भेदभाव जारी ही रहता है। न्याय प्रणाली में सुधारों की कमी से अल्पसंख्यकों का भरोसा कम होता है। अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें तो पायेंगे कि पाकिस्तान की स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यकों के साथ लगातार अत्याचार और भेदभाव होता रहा है। यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारक आज भी भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

पाकिस्तान में हिन्दुओं को भी नफरत की निगाह से देखने वाले भी कम नहीं हैं। हालांकि लगभग सारे पाकिस्तानियों के पुरखे हिन्दू ही तो थे। पाकिस्तान का इतिहास हिन्दुओं के खिलाफ नाइंसाफी और खून से लथपथ है। हालांकि 11 अगस्त, 1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने एक भाषण में यह कहा था कि पाकिस्तान में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धार्मिक स्थानों में जाने की अनुमति होगी। यानी पाकिस्तान के विश्व मानचित्र में आने से सिर्फ तीन दिन पहले। उन्होंने अपनी कैबिनेट में जोगिन्दर नाथ मंडल नाम के एक हिन्दू को शामिल भी किया था। वे पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से थे। मंडल को जिन्ना ने अपनी कैबिनेट में विधि मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा था कि इस्लामिक पाकिस्तान में सबके हक सुरक्षित हैं। पर हुआ इसके ठीक विपरीत। मंडल पाकिस्तान के पहले और शायद आखिरी हिन्दू मंत्री बने। वे वहां पर अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता थे। मंडल अपने को बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से बहुत प्रभावित बताते थे। वे दलित समुदाय से आते थे। वे 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में भी विधि मंत्री थे।

जिन्ना की 11 सितंबर, 1948 को मौत के साथ ही मंडल की वहां पर दुर्गति चालू हो गई। उनकी हर सलाह को नामंजूर कर दिया जाता। नतीजा यह हुआ कि वे पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए। ये 1951 के आसपास की बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ नाइंसाफी होती है इसलिए उनका पाकिस्तान में रहना मुमकिन नहीं होगा। मंडल उसके बाद कोलकत्ता आ गए। उनका 1968 में निधन हो गया। मंडल ने जो कहा था, वह अक्षरशः सही निकला। पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। इसी का नतीजा था कि जिन्ना का करीबी एक दलित हिन्दू मंत्री तक पाकिस्तान में नहीं रह सका। कुल मिलाकर बात यह है कि पाकिस्तान में अभी तो सिर्फ सुन्नी ही सुरक्षित हैं। आगे क्या होगा किसी को पता नहीं।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# प्रदूषण से बढ़ती मौतों के लिए कौन जिम्मेदार?



ललित गर्ग

**राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर विशेष**

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश एवं दुनिया की हवा में घुलते प्रदूषण का ह्यजहरह्न अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। प्रदूषण के कारण जल, भूमि, और वायु प्रदूषित होता है, जिससे मौतें होती हैं, प्रदूषण से जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्न की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्मा इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियों ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है।

हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्न की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है, विचार और योजनाएं बनानी चाहिए।

# भारतीय संस्कृति का प्रतीक है महाकुंभ मेला

**डॉ. सौरभ मालवीय**

महाकुंभ मेला भारत की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। यह देश की सांस्कृतिक धरोहर है। यह मेला हमारी गौरवमयी संस्कृति का संवाहक है। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति एवं आस्था को दशार्ता है। यह कला-संस्कृति, गायन, नृत्य, हस्तकला को प्रोत्साहित करता है। इस मेले में संपूर्ण भारत की झलक मिलती है। इसमें प्राचीन भारत के साथ-साथ आधुनिक भारत का भी बोध होता है। मेले में सम्मिलित होने से आत्मा के अजर अमर होने की भारतीय मान्यता पर विश्वास अत्यधिक दृढ़ हो जाता है। यह मेला भारतीय दर्शन का प्रतीक है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ कुंभ मेले का शुभारंभ होगा तथा 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ इसका समापन होगा। शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर, 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर तथा 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा।

### सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व

प्रयागराज हिंदुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां गंगा, यमुना एवं सरस्वती का अद्भुत संगम होता है जिसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले के अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में स्नान करके पुण्य अर्जित करते हैं। इनमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुंभ पर्वों के मध्य छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ का शाब्दिक अर्थ घड़ा एवं मेले का अर्थ एक स्थान पर एकत्रित होना है। कुंभ मेला अमृत उत्सव के नाम से भी प्रसिद्ध है।

खगोल गणनाओं के अनुसार कुंभ मेला मकर संक्रांति के दिन प्रारंभ होता है। उस समय सूर्य एवं चंद्रमा, वृश्चिक राशि में तथा वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिवस को अति शुभ एवं मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुल जाते हैं। इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु अमृत से भरा हुआ कुंभ लेकर जा रहे थे तभी असुरों ने उन पर आक्रमण कर दिया। अमृत प्राप्ति के लिए देव एवं दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध होता रहा। देवताओं के



बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के समान होते हैं। इसलिए कुंभ भी बारह होते हैं। इनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं तथा शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं। देव एवं दानवों के इस संघर्ष के दौरान भूमि पर अमृत की चार बूंदें गिर गईं। ये बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में गिरीं। जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर तीर्थ स्थल का निर्माण किया गया। तीर्थ उस स्थान को कहा जाता है जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार जहां अमृत की बूंदें गिरीं, उन स्थानों पर तीन-तीन वर्ष के अंतराल पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इन तीर्थों में प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम होता है। इन नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

भारत में महाकुंभ धार्मिक स्तर पर अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण आयोजन है। इसमें लाखों-करोड़ों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस बार के महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ तीर्थयात्रियों के सम्मिलित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। लगभग डेढ़ मास तक संचालित होने वाले इस आयोजन में तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जाती है। उनके लिए टेंट लगाए जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटी सी नगरी अलग से बसा दी गई है। यहां तीर्थयात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। यह आयोजन प्रशासन, स्थानीय प्राधिकरणों एवं पुलिस की सहायता से आयोजित किया जाता है। इस मेले में दूर-दूर से साधु-संत आते हैं। कुंभ योग की गणना कर स्नान का शुभ मुहूर्त निकाला जाता है। स्नान से पूर्व मुहूर्त में नागा साधु स्नान करते हैं। इन साधुओं के शरीर पर भभूत लिपटी रहती है। उनके बाल लंबे होते हैं तथा वे वस्त्रों के स्थान पर शरीर पर मृगचर्म धारण करते हैं। स्नान के लिए विभिन्न नागा साधुओं के अखाड़े भव्य रूप से शोभा यात्रा की भांति संगम तट पर पहुंचते हैं। ये साधु मेले का आकर्षण का केंद्र होते हैं।

उत्तर प्रदेश धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। महाकुंभ मेले के कारण यहां विश्वभर से तीर्थयात्रियों के साथ-साथ पर्यटक भी आएंगे। इसलिए प्रयागराज के ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण किया जा रहा है। पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण मिलकर यह कार्य कर रहे हैं। मेला प्रशासन श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आस्था एवं सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है, जिससे उन्हें स्मरणीय अनुभव प्राप्त हो सके तथा वे यहां से प्रसन्नतापूर्वक वापस जाएं। पर्यटन विभाग जिन कॉरिडोर एवं नवीनीकरण परियोजनाओं की देखरेख कर रहा है, उनमें से मुख्य रूप से भारद्वाज कॉरिडोर, मनकामेश्वर मंदिर कॉरिडोर, द्वादश माधव मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, अलोप शंकरी मंदिर आदि सम्मिलित हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर एवं पातालपुरी कॉरिडोर सम्मिलित हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण नागवासुकी मंदिर का नवीनीकरण कार्य एवं हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य करवा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष** : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या** : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे।

**तुला** : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**धनु** : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ** : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, इंतजार करें।

**मीन** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## सांसद विष्णु दयाल राम ने चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने आज दिनांक 01 दिसम्बर 2024 को प्रातः 3:00 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कोविड-19 के दौरान उक्त पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। आज पुनः इस ट्रेन के प्रारंभ होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेलवे एडीआरएम श्री विनीत कुमार, जिला सांसद प्रतिनिधि श्री विजय ओझा, वरिष्ठ नेता मुरारी पांडेय, किशोर पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, शिव कुमार मिश्रा, संजय गुप्ता, शशि भूषण पांडे अनिल कुमार संजय कुमार भोला पांडेय, श्री मनीष कुमार, सुशील सिंह, राघवेन्द्र तिवारी आनंद सिंह एवं रेलवे पदाधिकारी मनोहर लाल, अनिल कुमार तिवारी, श्री विकास कुमार, स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, राजीव रंजन सिंह, वैसी मानडी, संजय पासवान बीरबल प्रजापति, अनिल कुमार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा ने किया।

## छतरपुर में भाजपा की हार के बाद भी नेताओं के आत्मविश्वास में कमी नहीं : मनोज

**पलामू।** विधानसभा चुनाव में छतरपुर सीट से भाजपा की हार के कारणों का पता लगाने के लिए पार्टी नेताओं ने रविवार को समीक्षा बैठक की. बैठक में पूर्व सांसद मनोज कुमार सहित पार्टी के सभी स्थानीय पदाधिकारियों ने भाग लिया. चुनाव में हार के संबंध में सभी ने अपने-अपने विचार मुखर रूप से रखे. भाजपा के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि क्षेत्र की जनता हमारे परिवार की तरह है. चुनाव में हार के बाद भी पार्टी नेताओं का आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आई है. हम अपने कर्तव्य पथ पर हमेशा अग्रसर रहेंगे और मजबूत रणनीति के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करेंगे. उन्होंने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार के बाद भी हम क्षेत्र की जनता की सेवा उसी तन्मयता के साथ करते रहेंगे।

## सतबरवा में रिटायर्ड शिक्षक संघ के अध्यक्ष की हत्या, जांच में जुटी पुलिस




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड में सेवानिवृत्त शिक्षक संघ अध्यक्ष परीक्षण सिंह (76) की निर्मम हत्या उनके पैतृक गांव हलुमाड़ में तेज धारदार हथियार से कर दी गई. रविवार सुबह में परीक्षण सिंह गांव के देवी मंदिर के समीप प्यारी सिंह के खेत में शौच करने गए थे. इसी दौरान तेज धारदार हथियार से हत्या के बाद आरोपी पश्चिम दिशा की और फरार हो गए. मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस ने स्निफर डॉग बुला लिया है और छानबीन कर हत्यारे की तलाश कर रही है. हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सेवानिवृत होने के बाद परीक्षण सिंह 2009 में मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं. हत्या के बाद ग्रामीणों में सनसनी फैल गई है. हत्या के समय खेत में उनका लोटा तथा टॉर्च भी पड़ा हुआ था।मौके पर थाना प्रभारी अंचित कुमार, एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, सुधीर कुमार, राजीव रंजन, बसंत कुमार दुबे के साथ डॉग एक्सपर्ट समेत सैकड़ो लोग घटना स्थल पर मौजूद थे।

# लाभुक को जानकारी नहीं और डोभा निर्माण के नाम पर 37536 रुपए की कर ली गई अवैध निकासी

संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रंगेया पंचायत में मनरेगा योजना में लूट की शिकायत लगातार मिल रही है। शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। कार्रवाई नहीं होने के कारण बिचौलिए के हौसले मजबूत हैं।

इस कारण मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार कम या खत्म होने के बजाय, बढ़ती जा रही है।सरकार की महत्त्वकांक्षी मनरेगा के तहत मनातू प्रखंड के रंगेया पंचायत के गढ़गांव गांव में लाभुक मुनिया देवी के खेत में 80/80 के डोभा स्वीकृत की गई थी। इसका वर्क कोड 3202254 हैं। डोभा निर्माण कार्य की स्वीकृत सत्र 2022- 23 में की गई थी। बताते चलें कि डोभा निर्माण का कार्य बिना कराए ही शिक्षक सह ठीकेदार जोगेंद्र यादव ने मजदूर रीता देवी, हरेराम यादव, सरयू यादव, इंद्रवती देवी, लीला देवी, सोमरी देवी, राजेश कुमार, अब्दुल अंसारी, सहजाद अंसारी, नरायण यादव, ज्ञानती देवी, जगदेव यादव, अनीता देवी सहित अन्य मजदूरों का फर्जी हाजरी बना कर 37536 रुपए निकासी कर लिया। लाभुक मुनिया देवी ने बताया कि पैसा की निकासी कितनी हुई है, उन्हें कुछ भी जानकारी नहीं हैं। डोभा का काम भी नहीं हुआ हैं। बताया जाता है कि जोगेंद्र यादव शिक्षक है। वे खरीगदाग स्कूल में पढ़ाते हैं।लाभुक ने बताया कि शिक्षक के द्वारा ही बोला गया था कि डोभा हुआ हैं। उन्हीं के द्वारा काम करने के लिए बोला गया था।

लेकिन बिना डोभा निर्माण के ही शिक्षक के द्वारा 37536 रुपए का निकासी करा ली गई है। मामले में शिक्षक जोगेंद्र यादव से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि सारे आरोप गलत व बेबुनियाद हैं।

उनके पास खुद समय नहीं रहता हैं तो वे काम कैसे करवाएंगे। इस मामले मनातू प्रखंड के बीपीओ रणधीर कुमार से संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि जेई व एई को भेजकर पहले मामले की जांच करवाएंगे। जांच के मामला साफ हो जाएगा। इसके बाद करवाई की जाएगी।

# पीडीएस डीलर पर एक माह का राशन नहीं देने का आरोप

संवाददाता

**पलामू।** पांकी प्रखंड के पगार गांव के लोगों ने पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) डीलर दुर्गा महिला समूह पर नवंबर के राशन का गबन कर लेने का आरोप लगाया है। कार्डधारियों ने महिला समूह के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन भी किया। उनका आरोप है कि पीडएस दुकान का संचालन कर रहीं समूह की महिलाएं केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाले राशन के वितरण में मनमानी करती हैं। पीला राशन कार्ड धारियों ने कहा कि निर्धारित 35 किलो की जगह 30 किलो ही राशन मिलता है। वहीं, लाल कार्ड धारियों को 5 किलो की जगह महज 4.5 किलो राशन दिया जाता है। लाभुकों ने कहा कि वे लोग जब दुर्गा महिला समूह के पास नवंबर का राशन लेने गए, तो राशन की जगह 20 रुपये प्रति किलो की दर से राशन का पैसा थमाया जा रहा था। कार्ड धारियों ने प्रशासन ने मामले की जांच कर महिला समूह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की( इस संबंध में पूछे जाने पर दुर्गा समूह की ओर से कहा कया कि राशन नहीं है। सभी कार्ड धारियों को 20 रुपए प्रति किलो के दर से राशन का पैसा दिया जा रहा है। वहीं, पांकी प्रखंड के मार्केटिंग ऑफिसर आशीष खलखो ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच कर पीडीएस के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में लाभुक गीता देवी, रिंकू देवी, बिसुन देवी, पूनम देवी, डोलती देवी, राजंती देवी, अनीता देवी, लीला देवी, शांति देवी, हेवंती देवी, सकिंदर साव, जानकी साव, योगेंद्र साव, सरोज साव, मुंशी साव, पप्पू साव समेत अन्य कार्डधारी शामिल थे।

# हुसैनाबाद व हैदरनगर में निकला राजद का विजय जुलूस

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद व हैदरनगर में शनिवार को राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव के साथ कार्यकर्ताओ व समर्थकों का विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली गयी.इसमें हजारों की संख्या में समर्थक व कार्यकर्ता झंडा, बैनर उड़ाते शामिल हुए. विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरन्दर विगहा स्थित आवास से बाजे गाजे के साथ निकली जुलूस मुख्य मार्गों से होते जेपी चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, पटेल चौक, कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.वहीं जपला महावीर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद दातानगर स्थित दाता पीर बख्श की मजार पर चादरपोशी की.जुलूस में शामिल समर्थक संजय यादव जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद के नारों को बुलंद कर खूब अबीर गुलाल उड़ाए व पटाखे छोड़े।जुलूस मार्ग में आम अवाम विधायक का बेसब्री से इंतजार करते नजर आए.हुसैनाबाद शहर के जुलूस मार्ग में भीड़ के कारण सड़क जाम की स्थिति बनी रही.जुलूस मार्ग में दुपहिया और कार जैसे वाहन रुक रुककर आगे चल रहे थे. हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव हैदरनगर थाना के एसआई मोहम्मद आजम खान व विवेक कुमार पुलिस बल के साथ जुलूस मार्ग में व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। देवी धाम में पूजा अर्चना कर हुई जुलूस की शुरूआतहुसैनाबाद से जुलूस हैदरनगर देवी धाम पहुंचा.देवी धाम में जुलूस आने पर विधिवत पूजा अर्चना की गई.देवी धाम से मुख्य पथ, पुराना थाना , बस स्टैंड होते मेन रोड, चौक बाजार में विधायक ने भ्रमण कर लोगों को अभिवादन किया.मस्जिद मुहल्ला में समर्थक कालिया जी, जावेद खान, फैयाज खान, शमीम राइन, शमीम खान, रमाशंकर चौधरी, मदन पासवान आदि।

### नृत्य प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

# हमारी परंपरा को सहेज रही बेटियों का लोक व साहित्यिक नृत्य : अविनाश देव

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उच्चतम कक्षाओं के छात्रों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जहां निर्णायक के रूप मे मौजूद पलामू के नृत्य जगत को नई ऊंचाई देकर नई कीर्तिमान स्थापित कर चुके निदेशक सुजीत कुमार, विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, समन्वयक रिजवाना परवीन, विकास विश्वकर्मा, नृत्य शिक्षिका पूजा चंद्रवंशी व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, साहित्यिक नृत्य, पारंपरिक मैथिली नृत्य जैसे कई नृत्य का प्रदर्शन किया।

निर्णायक श्री सुजीत ने छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन को सराहा तथा बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के अनुसार प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया, जहां प्रीति कुमारी प्रथम स्थान, सोनी कुमारी द्वितीय स्थान व रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वही आदित्य कुमार का नृत्य करने का अलग अंदाज ने खास रूप से कार्यक्रम का रौनक बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया। श्री देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते वक्त में जिस तरह से लोग सस्ती लोकप्रियता, क्षणिक उपलब्धियों का ताज अपने माथे सजाने के लिए हमारी परंपरा को भूल कर अश्लीलता परोसने के लिए व्याकुल है, वैसे में हमारे समाज के बेटियों के द्वारा लोक, साहित्य व पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन वाकई में बहुत खूबसूरत रहा। आगे उन्होंने कहा कि हमें गर्व हो रही है कि इस विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं निश्चित रूप से आने वाले कल को अपनी कला के माध्यम से विद्यालय व जिले को एक नई आयाम देंगे। मौके पर इस कार्यक्रम के संचालन कर रही रूपम कोसनम, समन्वयक रोशन राज, दीपक कुमार व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### बालूमाथ में रफ्तार का कहर जारी

# 24 घंटे के अंदर 4 सड़क हादसे, एक की मौत, 6 घायल

संवाददाता




**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रफ्तार के कारण 24 घंटे के अंदर 4 सड़क हादसे हुए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। शनिवार की सुबह बालूमाथ-पांकी मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक गांव के समीप हाइवा वाहन की चपेट में आने से दो होमगार्ड जवान घायल हो गये। घायल जवानों की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के ढोठी गांव निवासी विष्णु उरांव के पुत्र सत्यदेव उरांव एवं करनदाग गांव निवासी मनराज यादव के पुत्र अमरेश यादव के रूप में की गयी है। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक ध्रुव कुमार ने दोनों घायल होमगार्ड जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इस घटना में घायल सत्यदेव उरांव की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों घायल होमगार्ड जवान सुबह में बालूमाथ स्थित सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में ड्यूटी करने जा रहे थे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक भारी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।मालूम हो कि शुक्रवार को भी इसी मार्ग पर हुंबू गांव के पास भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जबकि उसी शुक्रवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल की मगध कोलियरी में दो भारी वाहन वाहनों की टक्कर में एक चालक की मौत हो गयी थी। वहीं शुक्रवार को ही तीसरी घटना शाम में चंदवा रोड में डीएवी मोड़ के पास घटी। जहां बाइक सवार दो युवकों को भारी वाहन ने टक्कर मार दी और दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये।

### सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय व्यक्ति घायल, स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दीदरी गांव निवासी महेंद्र पासवान उम्र 45 वर्ष शनिवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि महेंद्र पासवान शनिवार की दोपहर किसी काम से मेदिनीनगर बाजार गए थे। उधर से शाम में घर वापस लौट के क्रम में साहद ओरिया गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में डॉक्टर गौरव विशाल के देखरेख में घायल का इलाज चल रहा है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देख रेख में घायल महेंद्र पासवान का इलाज करवा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में हेड पोस्ट ऑफिस का स्टाफ घायल

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के मिशन चौक के पास सड़क दुर्घटना में हेड पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर अमृत टोप्पो उम्र 60 वर्ष शनिवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि अमृत टोपो शनिवार की शाम मेदिनीनगर हेड पोस्ट ऑफिस से अपने घर चियांकी जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन ने पीछे से उन्हें धक्का मार दिया।

जिसमें बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां डॉ गौरव विशाल के देखरेख में इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पोस्ट ऑफिस के स्टाफ रुपेश वर्मा और भीम सेन अस्पताल पहुंचकर अपने देखने में घायल अमृत टोपों का इलाज करवा रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

### पलामू के बालिका गृह में लड़कियों का यौन शोषण

# हिरासत में सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर

संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू बालिका गृह का उद्देश्य नाबालिग लड़कियों को रखना और उनकी सुरक्षा करना होता है, लेकिन पलामू जिले के मेदिनीनगर के सुदना में संचालित एक संस्थान में यौन शोषण का मामला सामने आया है। मामले में शिकायत के बाद एएसपी राकेश कुमार ने शनिवार को जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

सुपरिटेंडेंट राम प्रताप गुप्ता (72) और एक महिला काउंसलर को हिरासत में लिया गया है।एएसपी राकेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच में बच्चियों से यौन शोषण की बात सही साबित हुई है।

इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आयी है। फिलहाल सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।दरअसल, शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गयी थी।

टीम में सचिव सह वार्ड 33 की प्रथम पार्षद चंचला देवी, सहायक सचिव किरण कुमारी एवं को-ऑर्डिनेटर शिला कुजूर भी थीं। इस क्रम में बच्चियों ने यौन शोषण की बात बतायी। बच्चियों के मुताबिक, आरोपी राम प्रताप गुप्ता का घर बालिका गृह के पास में ही बैंक कॉलोनी में है।एक बच्ची ने कहा कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गये। इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बच्ची ने कहा कि उसके साथ भी सुपरिटेंडेंट ने गलत करने का प्रयास किया था। दोनों बच्चियां सुपरिटेंडेंट को दादाजी कहकर बुलाते थे।बालिका गृह में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। पूछताछ में पुलिस को लड़कियों ने शनिवार को बताया कि बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए उनके सामने अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गयी थी। जांच में यह भी पता लगा है कि बालिका गृह की एक महिला कर्मी ने लड़कियों की कुछ फोटो भी लिए हैं और किसी को भेजे हैं।इस घटना ने प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दी है। इस संबंध में पक्ष लेने के लिए समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान से संपर्क साधा गया लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया। जिले के उपायुक्त भी पत्रकारों को जवाब देने से दूरी बनाये रखे।

# पाटन में सम्मान समारोह का आयोजन

**पलामू।** पाटन प्रखंड सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बीडीओ के चालक गोपाल पासवान की सेवानिवृत्ति पर प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मियों ने बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन के बीडीओ डॉ अमित कुमार झा ने किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त चालक गोपाल पासवान मौजूद थे। बीडीओ ने कहा कि गोपाल लगभग 38 वर्षों तक सेवा किए। यह गर्व की बात है। बताते चलें कि 2012 में पाटन प्रखंड में बीडीओ के चालक के रूप में अपना योगदान दिये थे। इसके पूर्व पलामू जिला के तत्कालीन उपायुक्त सुखदेव सिंह के साथ चालक के रूप में काम कर चुके हैं। बताया गया कि गोपाल ने लगभग चार दर्जन से अधिक अधिकारियों के वाहनों का परिचालन किया था।

# ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष बने ट्विंकल गुप्ता

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के बीएन कॉलेज फील्ड में रविवार की दोपहर सैकड़ो की संख्या में ई रिक्शा चालको ने बैठक किया। बैठक में एकजुट होकर सर्वसम्मति से सभी ई रिक्शा चालको ने मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता को ई रिक्शा ऑटो चालक संघ का अध्यक्ष चुना। वहीं मौके पर शहर थाना के प्रभार में प्रभारी सोनू चौधरी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, टिओपी 3 प्रभारी भूपेंद्र सिंह,टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, सरवन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित ई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष ट्विंकल गुप्ता ने कहा कि सभी ई रिक्शा चालक अपने सवारी से अतिथि के जैसा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित रूट पर चलने की कोशिश करें।

ताकि शहर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो।वही बैठक में शामिल सैकड़ो टेंपो चालकों का कहना था कि निर्धारित रूट पर चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित रूट पर चलने की वजह से हम अपने ई रिक्शा का किराया और इसका किस्त समय पर नहीं भर पा रहे है।वही परिवार को चलाना भी मुश्किल हो गया है।सभी ने निर्धारित रूट को छोड़कर पहले जैसे ई रिक्शा चलाते थे।वैसे ही चलाने का निर्णय लिया।

वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सभी ई रिक्शा चालकों को निर्धारित रूट पर ई-रिक्शा चलाने का आग्रह किया।परंतु ई रिक्शा चालक ट्रैफिक प्रभारी के बातों को मानने को तैयार नहीं थे।जिस पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि यदि आपलोग हमारे बात को नहीं मानते हैं तो आपलोग उच्च अधिकारी से इस संबंध में बात कर सकते हैं। बताते चले की जिला प्रशासन के द्वारा कुछ दिन पहले ई-रिक्शा और डीजल रिक्शा चालकों के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो चलाने के लिए एक रूट निर्धारित किया गया है। जिसका पालन करते हुए ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के सभी चौक चौराहों पर अलाउंस करके ऑटो रिक्शा चालकों को निर्धारित रूट के बारे में जानकारी भी दिया है।

# संक्षिप्त खबरें

## विद्यालय समिति की बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामनगर, हजारीबाग में विद्यालय प्रबंध समिति एवं आचार्यों की एक बैठक डॉ० अमरदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नए नामांकन में छात्रों की संख्या बढ़ाने, अभिभावक संपर्क, ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार-प्रसार, विद्यालय का बोर्ड और फ्लैक्स लगवाना, विद्यालय विकास, सूचना तकनीकी और सोशल मीडिया से प्रचार-प्रसार, आगामी कार्यक्रम, पौधरोपण, रंगरोगन, मरम्मत आदि विषयों पर चर्चा की गई। आगामी 8 दिसंबर 2024 को विद्यालय समिति एवं आचार्य की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष डॉ० अमरदीप यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंहा, सचिव कौशल किशोर सिंह, समिति सदस्य अखिल सुजीत कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि सलोनी देवी, प्रधानाचार्य राजकुमार नाग एवं विद्यालय के आचार्यगण एवं दीदी जी उपस्थित थे।

## मांडू विधायक निर्मल महतो की आभार यात्रा का शुभारंभ

**हजारीबाग।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने सोमवार से दो दिवसीय आभार यात्रा की शुरूआत की। इस यात्रा के दौरान विधायक विष्णुगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता को आभार प्रकट करेंगे। सोमवार को वे नरकी, तिलैया मोड़, पुरनी केंदुआडीह, सिमरबेड़ा, गाल्होबार, खरकट्टो, चटकरी, बंदखारो, चानो, मंगरो, फाराचांच, सिरैय, अचलजामो और करगालो गांवों का दौरा करेंगे। मंगलवार को वे भुताही मुरगांव, उरगी, बेड़ा हरियारा, बारा, गैड़ा, अलपीटो, कुसुंभा, गोविंदपुर, विष्णुगढ़, चेडरा, नवादा और बकसपुरा गांवों में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। यह जानकारी आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने दी।

## बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता



**हजारीबाग।** समाधान संस्था द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय में बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिसमें बाल विवाह रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई और बच्चियों को जागरूक किया गया। टूनामेंट में गोलगो, बेड़ा हरियारा, विष्णुगढ़ और भुताही मुरगांव की बालिका टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट का पहला मैच गोलगो बनाम बेड़ा हरियारा के बीच खेला गया, जिसमें गोलगो की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच विष्णुगढ़ बनाम भुताही मुरगांव के बीच खेला गया, जिसमें विष्णुगढ़ की टीम 2-1 से विजयी रही। दोनों विजेता टीमों को ट्रॉफी और उपहार से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी ने बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात की और कहा कि समाज की सहभागिता से ही बाल विवाह मुक्त प्रखंड बनाया जा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध गोष्ठी आयोजित

संवाददाता



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय में जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारीयों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए और अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।बैठक में सबसे पहले पिछले महीने में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी अपराधों के शीघ्र निष्पादन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए, ताकि अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही 4 साल से अधिक पुराने लंबित कांडों को प्राथमिकता से निपटाने का आदेश दिया गया। उन्होंने सभी थाना प्रभारीयों से लंबित मामलों की समीक्षा करने को कहा और उन्हें शीघ्र निष्पादन के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों और साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इन मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और गंभीर अपराधों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। महिला सुरक्षा और बालिका सुरक्षा के मामलों में भी पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाया। महिला प्रताड़ना और पोक्सो एक्ट से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए, ताकि इन मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सके। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित अपराधों में भी 60 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए गए। नशाखोरी के मामलों पर भी बैठक में चर्चा हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया। कोरेक्स, व्हाइटनर जैसी नशीली दवाओं के अवैध व्यापार के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में वाहन चोरी के मामलों की भी समीक्षा की गई, और पुराने मामलों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही गई, ताकि इन क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सरकारी जमीन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की और सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इन मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और इस पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया। बैठक में जमानती और गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की-जब्ती के मामलों के शीघ्र निष्पादन की बात भी की गई। पुलिस अधीक्षक ने इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के लिए सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया, ताकि न्याय व्यवस्था में कोई बाधा न आए। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस अधिकारियों से सख्त अनुशासन और कार्य की गति बनाए रखने की उम्मीद जताई, ताकि जिले में अपराध पर काबू पाया जा सके और आम जनता को सुरक्षा का एहसास हो।

# उपायुक्त ने झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया

### 388 होमगार्ड जवानों ने पूरा किया 63 दिन का प्रशिक्षण



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग में रविवार को पारण परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और परेड का निरीक्षण किया। इस समारोह में 388 होमगार्ड जवानों ने 63 दिनों का कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद मार्च पास्ट में अपना शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान, उपायुक्त ने होमगार्ड के जवानों को संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने जवानों से यह भी कहा कि वे अपने कार्य में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें, और सेवा के मूल्यों को सर्वोपरि रखें। उपायुक्त ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि गढ़वा जिले के 388 जवानों ने इस कठिन प्रशिक्षण को पूरा किया और अब वे अपने गृह जिले गढ़वा में अपनी सेवा देंगे। उन्होंने इन जवानों के कठिन प्रशिक्षण की सराहना की और बताया कि इन जवानों ने जो समर्पण और मेहनत दिखाई है, वह निश्चित रूप से जिले के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने प्रशिक्षकों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इन होमगार्डों को बहुत कम समय में शानदार प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। वे इस तथ्य से भी प्रसन्न थीं कि यह प्रशिक्षण केवल 63 दिनों के अंदर पूरा हुआ, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।।उपायुक्त ने इस मौके पर सभी नवनियुक्त होमगार्डों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने होमगार्ड कमांडेंट और उनकी पूरी टीम को बधाई दी, जिन्होंने इस प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारु रूप से और प्रभावी तरीके से पूरा किया। समारोह के अंत में, उपायुक्त ने यह भी कहा कि होमगार्ड जवानों का कार्य केवल शारीरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह उनके मानसिक और भावनात्मक बल का भी परिचायक होता है। इन जवानों की कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सुनिश्चित होगा कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्परता से अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें। उपायुक्त ने अंत में कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।

# बीएसएफ मेरू कैम्प में धूमधाम से मनाया गया सीमा सुरक्षा बल का 60 वां स्थापना दिवस

संवाददाता



**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल का 60 वां स्थापना दिवस बड़े हर्ष और धूमधाम से मेरू कैम्प परिसर स्थित अन्नताचारी स्टेडियम में मनाया गया। इस अवसर पर कमलजीत सिंह बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय और सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के नेतृत्व में एक भव्य आयोजन हुआ। जिसमें पौधारोपण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया गया।

कार्यक्रम में राजेश कुमार, राकेश रंजन लाल, देवजीत कुमार प्रमाणिक, गणेश कुमार, मुकुंद कुमार झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड राज्य के बीएसएफ के सेवानिवृत्त कर्मी भी उपस्थित थे। बीएसएफ का गठन 1 दिसंबर 1965 को हुआ था और तब से यह राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहा है। सीमा सुरक्षा बल ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना के साथ मिलकर अभूतपूर्व योगदान दिया था, और बल के शहीद सीमा प्रहरियों को उनके शौर्य और बलिदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस समय सीमा सुरक्षा बल के 193 वाहिनियों में 2.65 लाख कर्मी कार्यरत हैं, जो नक्सलवाद और आतंकवाद से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे दुर्गम पहाड़ियों, घने जंगलों और बर्फीले इलाकों में ऑपरेशन चलाने में माहिर हैं। इसके अलावा, सीमा सुरक्षा बल को संयुक्त राष्ट्र के विश्वव्यापी सुरक्षा अभियानों में भी भागीदारी का गौरव प्राप्त है।।सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को अब तक कई उच्चतम पुरस्कार मिले हैं, जिनमें 1 महावीर चक्र, 13 वीर चक्र, 4 कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मेडल, और अन्य सम्मानों का समावेश है।
इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए मेरू कैम्प में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सीमा सुरक्षा बल के जॉज और ब्रास बैंड, सीमा प्रहरियों द्वारा गाए गए देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ बावा सदस्याओं और वीरांगनाओं के लिए भी सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़े खाने का आयोजन हुआ।
समारोह के समापन पर, महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल ने सभी सीमा प्रहरियों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई दी और उनकी सुरक्षा में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# हजारीबाग यूथ विंग ने किया शीतकालीन राहत अभियान का शुभारंभ

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग ने अपने शीतकालीन राहत अभियान की शुरूआत रविवार को कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां पंचायत से की। इस अभियान के तहत पहले दिन 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इस राहत अभियान का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों को सहायता और राहत प्रदान करना है। यह अभियान फरवरी 2025 तक लगातार जारी रहेगा, जिसमें हर पंचायत और गांव में 100-100 कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि उनका संगठन हमेशा से समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है। यह शीतकालीन राहत अभियान उन लोगों के लिए है जो ठंड से सबसे अधिक प्रभावित हैं। उनका प्रयास रहेगा कि इस अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंच सके। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल उनके संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संस्था के लोगों की शक्ति और ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। इस अभियान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलेगी, बल्कि समाज में सेवा और एकजुटता का संदेश भी जाएगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉ० बी. वेण्कटेश, उपाध्यक्ष विकाश केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडेय, प्रिंस कसेरा, शम्पा बाला, मोहम्मद ताजुद्दीन, गुंजन मद्धेशिया, सदर विधायक पूर्व प्रतिनिधि अजय साहू, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार राणा, कटकमदाग मुखिया राजेश गुप्ता, कटकमदाग उप प्रमुख विमल गुप्ता, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक संपन्न



संवाददाता

**हजारीबाग।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के झारखंड प्रदेश कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार 30 नवंबर को देर रात संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने की। गिरिडीह जिले के पवित्र जैन नगर मधुबन में आयोजित इस बैठक की शुरूआत सामूहिक स्वस्तिवाचन मंत्र के साथ हुई।
बैठक में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे तिलक, दहेज, नारी शिक्षा और गरीब बच्चों की शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की और इन समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कार्य योजना तैयार करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी स्वामी दिव्यज्ञान ने संगठन को सुदृढ़ करने के लिए जनवरी महीने से सघन सदस्यता अभियान चलाने की सलाह दी। राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण ने संगठन में पारदर्शिता पर जोर दिया और सदस्यता अभियान से प्राप्त राशि को तुरंत बैंक खाता में जमा करने की बात की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड के सभी जिलों में संगठन की जिला समितियों का गठन किया जाएगा, जिससे आपसी सौहार्द बढ़ सके। इस प्रक्रिया की शुरूआत दिसंबर महीने से की जाएगी। बैठक के अंत में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पत्रकार सीताराम पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस बैठक में प्रदेश महासचिव शरद भक्त, गिरिडीह जिला अध्यक्ष हेमंत पाठक, पीरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष विद्या भूषण मिश्रा और पंकज मिश्रा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखें।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद का किया भव्य स्वागत

संवाददाता



**हजारीबाग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हजारीबाग द्वारा खजांची तालाब स्थित गायत्री नगर के गायत्री शक्तिपीठ में सदर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद का सम्मान समारोह अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत रूप से मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। पूजा के बाद, ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित किया। महिला सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विशेष स्वागत गीत और युवाओं द्वारा गायत्री मंत्र और भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी डूंगरमल जैन, वर्तमान ट्रस्टी डॉ. वी.के. विश्वकर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विधायक प्रदीप प्रसाद के सेवा भाव और निष्ठा की सराहना की। डूंगरमल जैन ने कहा कि हमारे सदर विधानसभा क्षेत्र को ऐसा विधायक मिला है जो वास्तव में सेवा और समर्पण की भावना से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदीप प्रसाद ने हमेशा जनता के हितों को प्राथमिकता दी है, और हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ऐसा व्यक्ति कर रहा है। डॉ० वी के विश्वकर्मा ने विधायक के इरादों और विजन की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।
विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान देंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से समर्थन और मार्गदर्शन की अपील की। कार्यक्रम के समापन में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण कर वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर डूंगरमल जैन, डॉ० वी के विश्वकर्मा, डॉ० ललित राणा, बी के सिन्हा, अर्जुन साहू, राजेंद्र गुप्ता, शिवनंदन पांडे, संजय तिवारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान नृत्य, फैशन व नाट्य मंचन के प्रति समर्पित कलाकार अमित गुप्ता

# आर्ट 81 फेस्टिवल के सफल संयोजन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया

प्रदीप पाठक



**हजारीबाग।** नृत्य और नाट्य मंचन के प्रति समर्पित कलाकार अमित कुमार गुप्ता, मटवारी कृष्णापुरी के निवासी हैं। उन्होंने 2002 से नृत्य, फैशन और नाटक में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। 2004 तक उन्होंने हंसराज लोहरा से एरोबिक्स डांस, राकेश कुमार सिन्हा से नाटक और पदातिक डांस एकेडमी, कोलकाता से डांस का प्रशिक्षण लिया। 2005 में उन्होंने 'तरंग ग्रुप हजारीबाग' की स्थापना की और बच्चों को नृत्य, फैशन और नाटक का प्रशिक्षण देना शुरू किया। कई कार्यक्रमों में अपनी संस्था की भागीदारी के साथ, उन्होंने 2007 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बतौर रंगकर्मी भाग लिया और इस दौरान जिला प्रशासन से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाजे गए। 2009 में अमृतसर में भारत सरकार के खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित महोत्सव में भी वे रंगकर्मी के रूप में शामिल हुए। 2011 में, भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय द्वारा लघु नाटक के लिए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना में बतौर प्रतिभागी पुरस्कार मिला। 2023 और 2024 में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता अभियानों, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मतदान महोत्सव और आर्ट 81 फेस्टिवल के सफल संयोजन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। 2023 और 2024 के जगन्नाथ महोत्सव में लगातार बेहतरीन प्रस्तुति के लिए कला संस्कृति विभाग, झारखंड सरकार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। पांच वर्षों से वे अन्य संस्थाओं के सहयोग से रामलीला का आयोजन कर रहे हैं और राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर अनेकों कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर कलाकारों को बेहतरीन मंच प्रदान किया है।
अमित गुप्ता को सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी कई बार उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उनके द्वारा प्रदान किए गए मंच से कई कलाकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे हैं। वर्तमान में, वे अपनी संस्था 'तरंग इवेंट्स एंड वेडिंग प्लानर' के साथ कार्य कर रहे हैं। उनका सपना है कि वे एक ऐसा केंद्र स्थापित करें जहां गरीब और अनाथ बच्चों को मुफ्त में नृत्य, अभिनय और अन्य विद्याओं का प्रशिक्षण दिया जाय।

# झील परिसर में हुआ एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान

संवाददाता

**हजारीबाग।** झील परिसर, हजारीबाग में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम, हजारीबाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोगों को एड्स बीमारी के फैलने के कारण, बचाव, रोकथाम, जागरूकता और सतर्कता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम के संरक्षक चंदन सिंह ने कहा, ₹सावधानी ही इस बीमारी से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है। इसलिए, इस जन जागरूकता को आगे भी उन लोगों तक पहुंचना जरूरी है, जो इस बीमारी के बारे में नहीं जानते, ताकि एड्स के फैलाव को रोका जा सके। प्रसिद्ध शिक्षक और रंगकर्मी राकेश कुमार ने कहा कि हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम की यह प्रस्तुति सराहनीय है। जिस गंभीर बीमारी के बारे में बात करने में समाज आज भी हिचकता है, उन कलाकारों ने नाटक के माध्यम से इस पर खुलकर जागरूकता फैलाने का काम किया है। तरंग ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने भी कार्यक्रम की सराहना की और उपस्थित लोगों से इस बीमारी के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने एड्स पीड़ितों के साथ आदर और सम्मान का व्यवहार करने की आवश्यकता पर बल दिया। अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता रवि सिंह ने कहा कि कलाकारों ने जागरूकता लाने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षित राणा ने की शानदार गेंदबाजी, 4 विकेट लिए



**नई दिल्ली।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ जारी दो दिवसीय प्रैक्टिस मैच के दूसरे दिन शानदार गेंदबाजी की। बारिश से प्रभावित इस मैच में हर्षित ने 4 विकेट लेकर मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 6 गेंद के भीतर ऑस्ट्रेलिया के चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। हर्षित पहली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर इलेवन के बीच दो दिवसीय डे नाइट प्रैक्टिस मैच खेला जाना था लेकिन बारिश की वजह से पहले दिन टॉस भी नहीं हो सका। दूसरे दिन भी बारिश ने खेल में खलल डाला जिसके बाद मैच को 50 की जगह 46-46 ओवर का कर दिया गया। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर इलेवन को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर इलेवन ने ओपनर सैम कोंस्टास के 107, जैक क्लेटन 40 और हान्नो जैकब के 61 रन की मदद से 240 रन बनाए। भारत की ओर से हर्षित राणा ने 6 ओवर में 44 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए वहीं आकाशदीप ने 2 विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक एक विकेट निकाला।

### इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे सम्मानित सलामी बल्लेबाजों में से एक इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उन्होंने 1964 और 1976 के बीच 66 टेस्ट मैचों और पांच वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था। विक्टोरिया के जिलॉन्ग में जन्मे रेडपाथ ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तुरंत प्रभाव डाला, 1964 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में शतक से चूक गए, एमसीजी में 97 रन पर आउट हो गए। उनका पहला टेस्ट शतक पांच साल बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ एससीजी में आया, जो वेस हॉल और गैरी सोबर्स जैसे मजबूत गेंदबाजी लाइनअप के खिलाफ 132 रन की पारी थी। अपने करियर के दौरान, उन्होंने 4,737 टेस्ट रन बनाए, जिसमें आठ शतक शामिल हैं, जिसमें 1970 में पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 171 रन रहा। उप-कप्तान के रूप में किया काम रेडपाथ को उनके तकनीकी कौशल, उन्होंने इयान और ग्रेग चैपल दोनों के उप-कप्तान के रूप में काम किया और 1970-71 की एशेज सीरीज में ग्रेग के पहले शतक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1976 में अपने प्राचीन वस्तुओं के व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, रेडपाथ विश्व सीरीज क्रिकेट के माध्यम से खेल में वापस आ गए, जहां उन्होंने दो सेशन तक भाग लिया।

### दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है एसए20



**मुंबई ।** एसए20 के आयुक्त ग्रीम स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह घरेलू टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था लेकिन इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी ताकि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी भाग लेंगे। वह इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। स्मिथ ने एसए20 इंडिया डे पर पत्रकारों से कहा,यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं लेकिन सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट के परिदृश्य में बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा,हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया।

## भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अभ्यास मैच में ओपनिंग नहीं करने का लिया फैसला

# केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को दिया मोका

### टीम की जरूरतों के हिसाब से अपनी भूमिका बदलने के लिए तैयार हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कैनबेरा में हो रहे अभ्यास मैच में ओपनिंग करने का फैसला नहीं किया। बारिश के कारण मैच में समय की कमी आई, लेकिन फिर भी उन्होंने पहले टेस्ट मैच में ओपनिंग करने वाले केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को फिर से ओपनिंग का मौका दिया। यह अभ्यास मैच भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डे-नाइट टेस्ट की तैयारी का हिस्सा है।



### फैंस ने बताया 'सेल्फलेस कैप्टेन'

रोहित शर्मा की यह रणनीति बताती है कि वह टीम के अन्य ओपनर्स पर विश्वास बनाए हुए हैं और अपनी बल्लेबाजी को मध्यक्रम में रखने का विचार कर रहे हैं। रोहित शर्मा के द्वारा ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास मैच के दौरान ओपनिंग न करने के फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। कई लोगों ने उन्हें एक 'सेल्फलेस कप्तान' के रूप में सराहा है, जो टीम की जरूरतों के हिसाब से अपनी भूमिका बदलने के लिए तैयार हैं।

### कप्तान को अपनी भूमिका बदलनी पड़ती

रोहित को लेकर यूजर ने लिखा कि रोहित शर्मा का निर्णय टीम के लिए हमेशा पहले आता है। उन्होंने खुद ओपनिंग छोड़ दी, ताकि दूसरे बल्लेबाजों को मौका मिले। यह केवल एक कप्तान ही कर सकता है। एक अन्य यूजर ने लिखा कि कभी-कभी कप्तान बनने के बाद आपको अपनी भूमिका बदलनी पड़ती है, और रोहित शर्मा ने यह शानदार तरीके से किया। उनका यह कदम टीम के लिए बेहद सकारात्मक रहेगा। 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डे-नाइट टेस्ट मैच क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय जोड़ सकती है। खासकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह मैच अहम होगा। यदि भारतीय टीम इस मैच को जीतती है तो रोहित शर्मा के नाम एक खास उपलब्धि जुड़ जाएगी। वह भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सर्वाधिक जीत हासिल करने के मामले में रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे।

## आईसीसी में अब होगा भारत का भौकाल, शाह ने संभाली चेयरमैन की कुर्सी, कही ये बड़ी बात

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट को नई ऊचाइंयों पर पहुंचाने में अहम योगदान देने के बाद जय शाह ने रविवार यानी 1 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन के रूप में अपने कार्यकाल की शुरूआत कर दी है। वह ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे। बार्कले नवंबर 2020 से इस पद पर थे। जय शाह इस साल अगस्त में आईसीसी के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए थे। आईसीसी ने रविवार को इस बात की जानकारी दी।

आईसीसी चेयरमैन के रूप में जय शाह ने अपने पहले वक्तव्य में अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने और महिला खेल के विकास में और तेजी लाना शामिल है। शाह ने एक बयान में कहा कि मैं आईसीसी चेयरमैन की भूमिका के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स



2028 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं और मैं इन अवसरों का लाभ उठाने तथा खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। शाह ने पिछले चार वर्षों में आईसीसी की उपलब्धियों में बार्कले के योगदान की सहारना की। उन्होंने कहा कि मैं पिछले चार वर्षों में इस पद पर उनके नेतृत्व के लिए तथा इस अवधि के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के लिए ग्रेग बार्कले को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं वैश्विक मंच पर खेल की पहुंच और विकास का विस्तार करने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### 2009 से शुरू हुआ सफर

जय शाह क्रिकेट प्रशासन में व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के साथ अपना सफर शुरू किया था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के विकास की देखरेख की। 2019 में शाह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में शामिल हुए और बीसीसीआई के सबसे युवा सचिव बने। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और आईसीसी की वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ी शामिल

## यूपी रुद्रास ने हार्दिक को अपना कप्तान घोषित किया

एजेंसी

**लखनऊ।** स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए यूपी रुद्रास ने अपना कप्तान घोषित किया है। यदु स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी रुद्रास ने एक मजबूत टीम तैयार की है, जिसमें युवा सनसनी प्रियोबर्ता तलेम, गुरजोत सिंह के साथ-साथ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें ललित कुमार उपाध्याय, सिमरनजीत सिंह, लार्स बाल्क और केन रसेल हैं।

यदु स्पोर्ट्स के सह-संस्थापक माधवकृष्ण सिंघानिया ने एक बयान में यदु स्पोर्ट्स परिवार की ओर से हार्दिक को टीम का कप्तान घोषित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि मौजूदा टीम में शानदार हॉकी खेलने और



लोगों का दिल जीतने के लिए सभी जरूरी चीजें मौजूद हैं। हॉकी इंडिया लीग का बड़ा, बेहतर और साहसिक संस्करण वैश्विक हॉकी पावरहाउस के रूप में भारत के कद को और बढ़ाएगा और मेरा मानना है कि इस कद की प्रतियोगिता में भविष्य के लीडर्स को तैयार करने की क्षमता है।

## न्यू जर्सी टाइटंस को हरा न्यूयॉर्क काउबॉयज फाइनल में

एजेंसी

**फ्लोरिडा (यूएसए)।** फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में कप्तान जेक लिंटॉट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई। करो या मरो के इस गेम में न्यूयॉर्क काउबॉयज ने न्यू जर्सी टाइटंस को 30 रनों से शिकस्त दी।

इस जीत के साथ काउबॉयज ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, जहां उनका सामना टॉप पर मौजूद मैरीलैंड मेवरिक्स के साथ होगा।

तीन हार के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत करने वाले न्यूयॉर्क काउबॉयज ने असाधारण खेल दिखाते हुए लगातार 4 मुकाबले जीतकर ट्रॉफी की मजबूत दावेदारी



पेश की है।न्यूयॉर्क काउबॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ शुरूआत की और मुख्तार अहमद की 41 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी की बदौलत पावरप्ले में 63 रन बोर्ड पर लगा दिए। जिसके बाद पारी कुछ लड़खड़ाई, लेकिन अंत में परवीन कुमार के 13 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 और कप्तान लिंटॉट के 10 रनों ने टीम को 9 विकेट के नुकसान पर 152 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, जब न्यू जर्सी टाइटंस को 18 गेंदों पर 36 रनों की आवश्यकता थी। तब कप्तान लिंटॉट ने 18वें ओवर की जिम्मेदारी खुद उठाई और जैसा वह चाहते थे वैसा ही हुआ। जहां इस ओवर के पहले तक टाइटंस का स्कोर 117/5 था, वहीं इस ओवर के बाद टीम 119/9 के स्कोर पर पहुंच गई और 19वां ओवर खत्म होते-होते 122 रनों पर धराशाई हो गई।

## जूनियर एशिया कप: हॉकी इंडिया ने की 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह प्रतियोगिता 7 से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में खेली जाएगी। पिछले साल फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब हासिल करने के बाद गत चैंपियन के रूप में भारत बड़ी उम्मीदों के साथ इस टूर्नामेंट में उतरेगा। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ



रखा गया है, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम की कमान ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि साक्षी राणा उप-कप्तान होंगी। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप में टीम में दो गोलकीपर हैं, जबकि डिफेंस की कमान मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्डर में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई अटैक का नेतृत्व करेंगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। टीम के चयन पर कोच तुषार खांडेकर ने जारी बयान में कहा कि हम महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा के लिए उत्साहित हैं।

## व्यापार

## आरबीआई के फैसले से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह निवेशक ऑटो बिक्री के मासिक आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा, बाजार सोमवार को 5.4 प्रतिशत की निराशाजनक जीडीपी वृद्धि पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। आगामी आरबीआई नीति महत्वपूर्ण होगी, जिसमें ब्याज दर निर्णय और टिप्पणी, दोनों पर ही निवेशकों की नजर होगी। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंता बनी



हुई है। मीना ने आगे कहा कि भारत, अमेरिका और चीन से विनिर्माण पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कमजोर खपत के कारण चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। देश हालांकि अभी भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों ने काफी उतार-चढ़ाव देखा, हालांकि सप्ताह के अंत में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की निदेशक पलका अरोड़ा चोपड़ा ने कहा, बाजार का नजरिया भारत के विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, ब्याज दर पर फैसले, अमेरिकी एसएंडपी वैश्विक समग्र पीएमआई, विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, गैर-कृषि रोगजार के आंकड़ों जैसे प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक कारकों से प्रभावित होगा। पिछले सप्ताह, बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 685.68 अंक या 0.86 प्रतिशत उछला। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 223.85 अंक या 0.93 प्रतिशत चढ़ा।

## सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिसंबर के पहले दिन ही घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार से सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। रविवार को कारोबार में सोना 100 रुपये से 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना रविवार को 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर



बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

#### लगातार 5वें महीने बढ़ी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत

## 5 महीने में 172 रु. से ज्यादा महंगा हो गया कॉमर्शियल गैस सिलेंडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी हो गई है। सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमत आज से ही लागू भी हो गई है। ये बढ़ोतरी 19 किलोग्राम के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में हुई है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में लगातार पांचवें महीने बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई कीमत के अनुसार अब कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,802 रुपये से बढ़ कर 1,818.50 रुपये हो गई है। दिल्ली की तरह देश के अन्य हिस्सों में भी कॉमर्शियल सिलेंडर आज से बढ़ी हुई कीमत पर मिल रहा है। दिल्ली के अलावा अन्य मेट्रो शहरों में से कोलकाता में 19



किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 1,911.50 रुपये से बढ़ कर 1,927 रुपये का हो गया है। इसी तरह मुंबई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1,754.50 रुपये से बढ़ कर 1,771 रुपये हो गई है। चेन्नई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1,964.50 रुपये से बढ़ कर 1,980.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में जहां पांचवीं बार बढ़ोतरी हुई है, वहीं 14.2 किलोग्राम वजन वाले घरेलू गैस सिलेंडर यानी रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है?। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में आखिरी बार पिछले साल अगस्त में बदलाव किया गया था। उस समय रसोई गैस की कीमत 100 रुपये प्रति सिलेंडर कम हुई थी। उसके बाद करीब डेढ़ साल की अवधि में 14.2 किलोग्राम वाले गैस सिलंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के मामले में पांच तस्करों को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने ड्रग तस्करी करने वाले एक बड़े गैंग का पदार्फाश किया है। साथ ही 3 करोड़ कीमत की चरस भी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने पांच ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 किलो से ज्यादा फाइन क्वालिटी का चरस जब्त किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गंगा अंकित, प्रदीप कुमार और उसके बाकी और तीन साथियों के रूप में हुई है। जिनमें एक महिला भी शामिल है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को इस गैंग के बारे में एक एक गुप्त सूचना मिली थी। पता चला कि गैंग में शामिल लोग नेपाल और हिमाचल प्रदेश से चरस की खेप भारत में लाते हैं। इसे अलग-अलग राज्यों में पहुंचाते हैं। उस जानकारी पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर विकास पन्नू, सब इंस्पेक्टर अमरेंद्र की टीम ने इन आरोपितों को पकड़ने के लिए छानबीन करना शुरू किया। फिर पांच आरोपितों को दबोचने में कामयाबी पाई। पुलिस के मुताबिक बरामद चरस को हरियाणा, दिल्ली के अलावा हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंचाया जाना था।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में वंचित कारीगरों के स्टॉल में 5.85 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री

**नई दिल्ली।** 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2024 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से वंचित कारीगरों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पूरे समय में अप्रत्याशित संख्या में आगंतुक आए और लगभग 5.85 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 15 नवंबर को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में शामिल उत्पादों में रेडिमेड गारमेंट, हस्तशिल्प, ब्लॉक प्रिंटिंग, जरी सिल्क, चंदेरी साड़ियाँ, कृत्रिम आभूषण, चमड़े की वस्तुएँ, कढ़ाई, फुटवियर, ऊनी वस्तुएँ, हस्तनिर्मित बैग, बेंत और बांस, अचार, नमकीन, अगरबत्ती और इत्र, राजस्थानी मोजरी और खिलौने आदि शामिल रहे।

### लूट का आरोपित कैदी पुलिस को चकमा देकर जिला अस्पताल से हुआ फरार

**दंतेवाड़ा।** जिले के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल में दो दिन पहले लूट का आरोप एक कैदी राजू उर्फ भरत नाग को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। बीती रात में वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। दंतेवाड़ा एएसपी आरके. बर्मन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इसकी तलाश कर रही है। वहीं लापरवाही बरतने के चलते एक आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरार कैदी राजू उर्फ भरत नाग बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र का निवासी है। लूट के आरोप में इसे अक्टूबर 2024 को दंतेवाड़ा जेल में दाखिल किया गया था। वहीं 2 दिन पहले इसकी अचानक तबियत बिगड़ी थी। जिसके बाद इसे इलाज के लिए पुलिस जवान के साथ जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां इसने बीती रात के समय पुलिस जवान को चकमा दिया और अस्पताल से भाग निकला। वहीं इसके फरार होने की खबर जैसे ही पुलिस को मिली तो आस-पास के जिले की पुलिस को भी अलर्ट किया गया है। फिलहाल अब तक इसे पकड़ा नहीं जा सका है।

### बस मार्शलों की बहाली को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री ने लिखा उपराज्यपाल को पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली में डीटीसी बसों के मार्शलों की बहाली के प्रस्ताव को मंजूर करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि सभी मार्शलों को दोबारा नियुक्ति देकर इन्हें वापस नौकरी पर रखने के लिए 13 नवम्बर 2024 को हमारे सभी मंत्रियों ने एक प्रस्ताव पास करके आपके कार्यालय में भेजा। लेकिन अब लगभग दो हफ़्ते से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर आपकी ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि ये देरी क्यों हो रही है। मुख्यमंत्री ने विनती करते हुए कहा, 'आपसे हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द अपनी स्वीकृति दें ताकि उन 10 हजार परिवारों में फिर से रोशनी लौट आए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में मार्शल तैनात हो सकें।'

### तमिलनाडु के तट से टकराया चक्रवाती तूफान फेंगल, भारी बारिश व तेज हवा जारी

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठा चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में दस्तक दी। इसके कारण तेज हवा के साथ भारी बारिश का दौर जारी है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक चक्रवाती तूफान फेंगल तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार कर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात फेंगल पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने और पुडुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार कर गया है। यह 70-80 किमी प्रति घंटे की हवा की गति से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसका असर से तमिलनाडु में भारी बारिश का दौर जारी है। आईएमडी ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगी हैं। मौसम विभाग ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। यह समुद्री तट वाले अन्य राज्यों में भी असर छोड़ रहा है।

### दहेज प्रथा पर प्रहार व सामाजिक समता का प्रतीक है सामूहिक विवाह कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

# 1200 जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन में

एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है।

सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। सीएम योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनव्याही न रहे। इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है।

● अब तक सात 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी सरकार : मुख्यमंत्री



#### ऐसा उत्सव जिसमें खुद मुख्यमंत्री कई जनप्रतिनिधियों संग आए

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को एक ऐसा उत्सव बताया जिसमें मुख्यमंत्री खुद आए और साथ में कई जनप्रतिनिधि भी। उन्होंने कहा कि किसी एक शादी में उनके लिए समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व उत्सवी है जहां मुख्यमंत्री और कई जनप्रतिनिधि आए हैं। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में जुड़ने वाले युवा और उनके अभिभावक इसलिए भी भाग्यशाली हैं कि उनके विवाह का निमंत्रण स्वयं प्रशासन दे रहा है।

#### अच्छी सरकार में होते हैं अच्छे कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और जिनके पास आवास नहीं तेज उन्हें आवास दिए। बीमारी के उपचार के लिए पांच लाख रुपये तक के इलाज लिए आयुष्मान कार्ड दिए। जबकि पहले घरों में शौचालय न होने से नारी गरिमा पर आंच आती थी। लकड़ी और कोयले के धुएं से निकलने वाली खतरनाक गैस से महिलाओं की आंख और फेफड़े खराब होते थे। आज हर घर सिलेंडर होने से यह दिक्कत दूर हो ही गई है, साथ ही सरकार दिवाली और होली में मुफ्त सिलेंडर दे रही है। सीएम ने कहा कि सरकार हर तबके को लाभान्वित कर रही है। श्रमिकों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं, निराश्रित, दिव्यांगजन आदि 1 करोड़ लोगों को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत 20 लाख बेटियों के स्वावलंबन के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज दिया गया है।

#### सीएम ने भेंट किया उपहार-शगुन किट


समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों और उनके अभिभावकों को विवाह की शुभकामनाएं दीं। मंडप में मुख्यमंत्री की नजर जब वहां बराती बनकर आए कुछ बच्चों पर पड़ी तो वह मुस्कुरा उठे। उन्होंने उन्हें आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दिया।

## महाराष्ट्र में ईवीएम हैकिंग का दावा करने वाले शख्स पर मामला दर्ज

**चुनाव आयोग ने ईवीएम हैकिंग के दावे को बताया असंभव**

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की टीम ने सोशल मीडिया पर ईवीएम हैक करने का दावा करने वाले शख्स पर मुंबई साइबर पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। चुनाव आयोग की टीम ने सोशल मीडिया में पोस्ट वीडियो में किए गए दावे को निराधार, झूठ और अप्रमाणित बताया है। चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया है कि ईवीएम में न ही छेड़छाड़ की जा सकती है और इन्हें नेटवर्क से भी नहीं जोड़ा जा सकता है।



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स ईवीएम को हैक करने और चुनाव नतीजों को एक राजनीतिक पार्टी के पक्ष में बदलने का दावा करता नजर आ रहा है। शख्स ने दावा किया है कि वीवीपैट मशीन के कुछ नंबर मिलने पर वह ईवीएम को हैक कर वोटों की संख्या बदल सकता है। यह वीडियो एक टीवी चैनल की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन स्टोरी का हिस्सा बताया जा रहा है। इस वीडियो में अमेरिकी हैकर सैजय शुजा का दावा है कि वह अमेरिकी रक्षा विभाग की तकनीक का उपयोग करके ईवीएम को हैक कर सकता है। इसके लिए वह 54 करोड़ रुपये की मांग करते हुए वीडियो में सुनाई दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद विपक्ष ईवीएम पर संदेह जता रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत और राकांपा एसपी अध्यक्ष शरद पवार ने भी ईवीएम सवाल उठाए हैं। इसी वजह से आज राज्य चुनाव आयोग की टीम ने अपनी सफाई दी है।

## फरीदाबाद में कोहरे की वजह से छह ट्रेनें 28 फरवरी तक हुई रद्द

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में छह ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। ये 28 फरवरी 2025 तक नहीं चलेगी। ये सारी ट्रेन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट का हिस्सा है। वहीं ताज एक्सप्रेस अब ग्वालियर तक जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने इसके पीछे कोहरे को वजह बताई। जानकारी के मुताबिक, शकूरबस्ती नई दिल्ली फरीदाबाद पलवल होते हुए कोसीकला तक चलने वाली 6 ईएमयू एक दिसंबर से 28 फरवरी तक रद्द रहेगी। इसमें सुबह 10 बजे शकूरबस्ती से चलकर पलवल को जाने वाली 04408 ईएमयू, दोपहर 1 बजे पलवल से शकूरबस्ती जाने वाली 04421 ईएमयू, सुबह 11:15 बजे पलवल से गाजियाबाद जाने वाली 04912 ट्रेन शामिल है। पलवल से नई दिल्ली और नई दिल्ली से पलवल के बीच 60 से 70 हजार लोकल ट्रेनों में सफर करते हैं। वहीं हजारों की संख्या में लोग कोसीकला होड़ल से भी नौकरी या व्यापार के सिलसिले में आते जाते हैं। लेकिन रोज यात्रियों को कुछ राहत ताज एक्सप्रेस से भी मिलेगी। ताज एक्सप्रेस नई दिल्ली से निकलकर झांसी स्टेशन तक जाती है। लेकिन 1 दिसंबर से यह ट्रेन ग्वालियर तक जाएगी। इसका फायदा फरीदाबाद के हजारों लोगों को मिलेगा। इस ट्रेन का केवल फरीदाबाद रेलवे स्टेशन तक ठहराव है।

## एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 23.64 करोड़ की स्वीकृति

● बिलासपुर, जगदलपुर व अंबिकापुर एयरपोर्ट का किया जायेगा विकास, सेवाएं होंगी बेहतर

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्टों का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एप्रन विस्तार कार्य के तहत एयरपोर्ट के उड़ान पट्टी के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन में सहूलियत होगी। इसके साथ ही, एयरपोर्ट के लाइटिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा, ताकि रात के समय विमान संचालन को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाया जा सके।

जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए एयरस्ट्रिप सुधार के लिए 20.40 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आइसोलेशन का निर्माण विमान को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित खड़ा रखने के लिए किया जाता है, जबकि सड़क का चौड़ीकरण यातायात में सुगमता लाएगा। वायर फेंसिंग से एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

इसी तरह अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और संचालन क्षमता में सुधार लाने के लिए उपयोग की जाएगी।

### केन्द्रीय मंत्री रिजिजू ने सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का किया शुभारंभ

## सांची के बौद्ध स्तूप की पवित्रता और ज्ञान देश-विदेश में हैं विख्यात : किरेन रिजिजू

एजेंसी

**रायसेन/भोपाल।** भारत सरकार के अल्पसंख्यक तथा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों को इस बात का एहसास होगा कि वह कितने पवित्र स्थान के पास रहते हैं। सांची के बौद्ध स्तूप की पवित्रता और ज्ञान देश-विदेश में विख्यात है। पूरे विश्व में बौद्ध धर्म को मानने वालों के मन में यह इच्छा जरूर होती है कि वह अपने जीवनकाल में भारत दर्शन करें और सांची की पवित्र नगरी जरूर देखें।

केन्द्रीय मंत्री रिजिजू शनिवार देर शाम मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची में 72वें महाबोधि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सांची के बुद्ध जम्बूदीप पार्क में आयोजित दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाबोधि सोसायटी के चीफ वानगल उपतिस नायक थेरो, स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी भी उपस्थित रहे।




महोत्सव को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में दुनिया को संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। सम्राट अशोक के बाद दुनिया को इतना बड़ा संदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। इस दुनिया में समृद्धि और शांति के लिए भगवान बुद्ध की शरण में जाना होगा। भारत सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2014 में बुद्ध जयंती को मनाने के लिए समिति ने निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अगर दुनिया में प्रभाव डालना चाहता है तो उसको भगवान बुद्ध के बताए शांति के मार्ग पर चलना होगा। दुनिया इस रास्ते पर चलकर ही खुशहाल और समृद्ध रहेगी। बुद्ध विहार और अन्य स्थलों को विकसित किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भारत देश सामान्य देश नहीं है, यह सदियों से लोगों को शांति का संदेश देता आ रहा है। उन्होंने सांची महोत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि सांची महोत्सव मनाने की शुरूआत वर्ष 1952 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में हुई थी। तभी से यह महोत्सव मनाया जा रहा है। सांची में भगवान बुद्ध के दो महान अनुयायी सारिपुत्र और महामोदग्लायान, इनके अस्थि अवशेष हैं। भारत के पास परम्परा, आध्यात्म की विरासत है।

**बदरीनाथ धाम** > जिलाधिकारी ने किया बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

# बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

एजेंसी

**गोपेश्वर।** तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बदरीनाथ महायोजना का काम शीतकाल में भी लगातार जारी है। बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने के बाद मास्टर प्लान के कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। इस सीजन में बर्फबारी से पहले अधिकांश कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने रविवार को बदरीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों और आगामी यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को संचालित कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बदरीनाथ धाम में सिविक एमिनिटी सेंटर, टीआईसी और अराइवल प्लाजा का कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो गया है। मौके पर दरवाजे, खिड़की एवं फिनिशिंग का काम चल रहा है। टीआईसी और सिविक एमिनिटी सेंटर का कार्य इसी सीजन में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि बदरीनाथ मास्टर प्लान के पहले चरण में शेष नेत्र और बद्रीश झील का सौंदर्यीकरण, लूप रोड, बीआरओ बाईपास सहित स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा हो गया है। तीर्थ पुरोहित आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने पर्याप्त संख्या में श्रमिक लगाते हुए इस दिसम्बर तक निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। रिवर फ्रंट कार्यों के निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने पीआईयू और जल संस्थान को निर्देशित किया कि अगली यात्रा सीजन से पहले क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ठीक किया जाए। सीवर लाइन बनाने के लिए शीघ्र आगंणन तैयार करें, वहीं पर्यटन अधिकारी को प्रसाद योजना के तहत एनपीसीसी के माध्यम से बनाए जा रहे टीआईसी भवन में यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों के कार्यालय और आवास के लिए कक्ष आवंटन के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



शीतकालीन प्रवास स्थलों पर यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने पांडुकेश्वर में योग ध्यान बद्री मंदिर, कुबेर मंदिर में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और शीतकालीन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के बारे में जानकारी भी ली। बदरीनाथ धाम में निरीक्षण के दौरान पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके श्रीवास्तव, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय, बदरीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो : माणिक साहा

एजेंसी

**अगरतला (त्रिपुरा)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है वह बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहां की अंतरिम सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्यमंत्री माणिक साहा रविवार को यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दू पुजारी एवं संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसको लेकर त्रिपुरा के साथ ही पूरे भारत में आक्रोश है। मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार जेल में बंद उग्रवादियों को छोड़ दिया गया है, वह अत्यंत चिंता का विषय है। जेल से निकलने के बाद ये कहां हैं इसका कोई अता-पता नहीं है।

माणिक साहा ने कहा कि त्रिपुरा तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। बांग्लादेश में अपराधियों को इस प्रकार छोड़ दिया जाना त्रिपुरा के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पूरी स्थिति पर नजर रख रही है।

